# स्वास्थ्य विभाग टीम के छापेमारी के बाद फिर खुल गया झोलाछाप क्लीनिक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो दिन पहले ही जिन अवैध क्लीनिक पर छापेमारी की थी वह दूसरे दिन ही फिर से खुल गए हैं। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय की निर्देशन में बुधवार को सीएवी इंटर कॉलेज के समीप स्थित गोबर गली में टीम छापेमारी करने पहुंची थी। यहां एक साथ तीन अवैध क्लीनिक चल रहे हैं जिसका पंजीकरण नहीं है और न ही कोई डिग्रीधारी डॉक्टर मौजूद है। सीएमओ की ओर से इन क्लीनिक संचालकों को नोटिस देते हुए जवाब मांगा गया है इसके बावजूद भी यह झोलाछाप नहीं डरे हैं। गुरुवार और शुक्रवार को भी यह क्लीनिक खुले रहे। झोलाछाप हड्डी के मरीजों का इलाज करते दिखे। दो झोलाछाप विशाल आनंद एवं अजीत सिंह भी बेखौफ होकर इलाज कर रहे हैं। दरअसल, गोबर गली में वर्षों से यहां अवैध क्लीनिक संचालित हो रही है। बाहर बोर्ड पर लिखा गया है कि यहां देशी तरीके से टूटी व खिसकी हड्डी बैठाने का पुराना विश्वसनीय स्थान है। बिना किसी स्पेशलिस्ट के यहां हड्डी के मरीजों का इलाज किया जा रहा है।



## हड़ताल से कई इलाकों में बिजली गुल, लोगों में रोष; डीएम ने सबस्टेशन प्रभारियों पर मुकदमे दर्ज करने का दिया निर्देश; नौकरी से निकलवाने की होगी सिफारिश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बिजली विभाग के इंजीनियर और कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से पुराने शहर समेत कई इलाकों की बिजली गुल हो गई है। वहीं महत्वपूर्ण संस्थान व ग्रामीण इलाकों में हालात बदतर हैं। जिससे जिले भर में लोगों में रोष पनप रहा है। स्थिति को देखते हुए डीएम संजयख्त्री ने शुक्रवार दोपहर को कांट्रेक्टर और इंजीनियरों की एक बैठक बुलाई। डीएम ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए सभी कॉन्ट्रैक्टरों को पर्याप्त संख्या में लाइनमैन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कलेक्ट्रेट के संगम सभागार में हुई इस बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो भी सबस्टेशन प्रभारी व स्टोर प्रभारी अपने सबस्टेशन व स्टोर पर ताला बन्द कर हड़ताल हैं उन पर सम्बंधित थानों में वहां पर तैनात मजिस्ट्रेट के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी जाए।उन्होंने कहा है कि उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ विभाग से सेवा समाप्ति की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने अधीक्षण अभियंता स्टोर को निर्देश दिया है कि सभी स्टोरों की वीडियोग्राफी करवाकर स्टोर खुलवाए जाय तथा खराब हुए आवश्यक उपकरण व ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द बदल कर विद्युत आपूर्ति को ठीक कराया जाए।उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी अधिशासी अभियंताओ को निर्देश दिया है कि उनके क्षेत्र में कहीं पर भी विद्युत आपूर्ति व पानी की सप्लाई में समस्या उत्पन्न न हो होने पाए अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थलों पर विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के सम्बंध में विशेष सर्तकता बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे, इसके लिए उपस्थित सभी ठेकेदारों को उनके द्वारा लगाए गए लाइनमैन की क्षेत्रवार सूची मोबाइल नंबर सहित उपलब्ध कराने के लिए कहा है।उन्होंने वर्कशाप एवं स्टोर पर मजिस्टेटों की तैनाती करने के साथ ही साथ सब स्टेशनों पर भी कार्मिकों की तैनाती सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कंट्रोल रूम बनाये जाने तथा वहां से ड्यूटी पर लगाये गये कार्मिकों का निरंतर सत्यापन करते रहने के निर्देश दिए है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री हर्षदेव पाण्डेय, सिटी मजिस्ट्रेट श्री सत्याप्रिय सिंह, मुख्य अभियंता विद्युत तथा अधीक्षक अभियंता विद्युत सहित जनपद के कॉन्ट्रैक्टरगण उपस्थित रहे।



## आज़ाद प्रतिमा में फिर से पानी का होने लगा रिसाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में मरम्मत के बाद भी आजाद की प्रतिमा से एक बार फिर पानी रिसने लगा है। कोच रजनीकांत निषाद ने फिर प्रतिमा से रिसाव का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया है। संग्रहालय की टीम ने बुधवार को साढ़े तीन लाख का इस्टीमेट दिया है। जिसे गुरुवार को जिलाधिकारी के सामने रखा जाएगा। मरम्मत के बाद सब ठीक हो जाएगा। मांडा निवासी रजनीकांत निषाद का दावा है कि वह पूरी रात पार्क में प्रतिमा के पास थे। भोर में चार बजे उठे तो प्रतिमा से फिर पानी रिसता पाया। क्रैक मामले पर उद्यान अधीक्षक उमेश चंद्र उत्तम ने बताया कि प्रतिमा को लेकर संग्रहालय के विशेषज्ञों से राय मांगी गई थी। उन्होंने अपनी रिपोर्ट दी थी। जिसमें पाया गया था कि धातु की प्रतिमा में तमाम जगह वेल्डिंग का काम हुआ था। जिससे बीच-बीच में क्रैक हो गया है। रजनीकांत निषाद ने कहा कि पार्क में चंद्रशेखर आजाद के नाम से अमर ज्योति की मांग उठाई गई है। इसके लिए पिछले दिनों मंडलायुक्त को ज्ञापन दिया गया था। एक बार फिर प्रतिमा के पास अमर ज्योति जलाने की मांग रखी जाएगी।



## उमेश पाल शूटआउट केस की जांच मे एजेंसियों ने प्रयागराज के नैनी इलाके से एक महिला को हिरासत में लिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** एक शूटर से लगातार संपर्क में थी हिरासत में ली गई महिला शूटर से रोजाना दिन में कई बार महिला की होती थी बातचीत शूटर और महिला के बीच होती थी लंबी बातचीत पांच लाख रुपए के इनामी एक शूटर की प्रेमिका है यह महिल महिला शादीशुदा है लेकिन ससुराल वालों से उसके रिश्ते ठीक नहीं शूटर की कॉल डिटेल्स के आधार पर पुलिस ने लिया हिरासत में इस महिला के जरिए शूटर तक पहुंचने की कोशिश में है जांच एजेन्सी 2 दिन पहले ही लिया गया था हिरासत में महिला के परिवार के कुछ सदस्य एक सियासी पार्टी से जुड़े हुए हैं सूत्रों के मुताबिक फरार शूटर को लेकर महिला ने उगले हैं कई राज।

## बिजली कर्मियों की हड़ताल पर सरकार ने लिया बड़ा निर्णय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने किया ऐलान. बिजली व्यवस्था बाधित करने वाले हड़ताली कर्मियों पर लगेगा एस्मा. एस्मा के तहत 1 साल की सजा काहे प्रावधान. बिजली व्यवस्था बाधित करने वाले विद्युत कर्मियों पर सरकार का कड़ा एक्शन. सभी जनपदों के डीएम और एसपी को भेजा गया अलट. हड़ताल पर गए संविदा कर्मी होंगे बर्खास्त।

## सिविल लाइंस थाने में दर्ज केस को वापस लेगी सरकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सांसद रीता बहुगुणा जोशी के लिए राहत भरी खबर मुकदमा वापस लिए जाने से संबंधित जानकारी मांगी गई प्रयागराज की महापौर रहते दर्ज हुआ था मुकदमा फतेहपुर बिछुआ में जमीन के दस्तावेज छेड़छाड़ का था आरोप 2008 में सिविल लाइंस थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा।

# अभिभावक बेटे और बेटियों को उत्तम चरित्र की शिक्षा अवश्य दें-मंत्री प्रतिभा शुक्ला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने साकेत महाविद्यालय कालेज में आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह व महिला ग्राम प्रधान के साथ संवाद एवं पोषण किट/लैपटॉप/पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। प्रारम्भ में उन्होंने साकेत महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का अवलोकन कर उत्कृष्ट रंगोली प्रदर्शन करने वाली छात्राओं एवं महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उसके उपरान्त उन्होने साकेत महाविद्यालय के सभागार में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।इस दौरान साकेत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। मंत्री जी ने कार्यक्रम के दौरान महिला प्रधान, स्वयं सहायता समूह की महिला, महिला आरक्षी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आंगनबाड़ी सहायिका, आशा बहु एवं खेल प्रतियोगिता के बच्चो के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं का सुना एवं अपने विचार भी व्यक्त की।इस अवसर पर महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री एवं विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत 17 बच्चों को लैपटाप का वितरण, हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 13 छात्राओं, वालीवॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 10 छात्राओं एवं कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 08 छात्राओं एवं जूडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 02 छात्राओं को डेमो चेक एवं मेडल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं के गोद भराई, 05 बच्चों को अन्न प्राशन, बच्चों को स्वर्ण प्राशन, 10 अतिकुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण एवं 01 अतिकुपोषित बच्चा कृष्णा के अभिभावक को गौदान किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि नारियां सशक्त रहे, मिशन शक्ति के अन्तर्गत स्वावलम्बन की भावना से ओत प्रोत रहे, वह सुरक्षित रहे और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे। नारियों अपने आपको कभी कमजोर न समझे, महिलायें अपने काम खुद करें दूसरों पर निर्भर न रहे, एक आत्म विश्वास जागृत करके ही हम समाज में कुछ नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते है।महिला ग्राम प्रधान अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करें, महिलाओं की समस्याओं का सुनों एवं उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करायें। महिला ग्राम प्रधान को स्मार्ट प्रधान बनना है। महिलायें बच्चों को स्वच्छ और ताजा खाना खिलाये जिससे बच्चे स्वस्थ्य रहे। उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र रोज खोले जायें तथा प्री-नर्सरी के रूप में चलाये जाये। आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले हर बच्चे को संस्कार देने की जिम्मेदारी आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों की है। उन्होने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें और बेटे और बेटी को उत्तम चरित्र की शिक्षा अवश्य दें। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, सीओ सिटी सुबोध गौतम सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान नशा मुक्ति पर मनमोहक गीत की प्रस्तुति छात्रा सैफिया बानो द्वारा की गयी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र सहित श्याम सुन्दर टाऊ व साकेत गर्ल्स पीजी कालेज के प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।



## गोबर गली में हड्डी के 'अस्पताल' पर कार्रवाई दशकों से चल रहा था झोलाछाप इलाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को शहर के गोबर गली (सीएवी इंटर कॉलेज) में अवैध रूप से संचालित वर्षों पुरानी क्लीनिक पर छापेमारी की। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (पंजीकरण) डॉ. तीरथ लाल की नेतृत्व में पहुंची टीम को देखकर एक अवैध क्लीनिक संचालक झोलाछाप डॉ. शैलेश क्लीनिक बंद करके भाग गए। दो अन्य झोलाछाप विशाल आनंद एवं अजीत सिंह के यहां छापेमारी हुई। पता चला कि यहां इन लोगों के पास कोई डिग्री नहीं है लेकिन यह लंबे समय से हड्डी के मरीजों का इलाज कर रहे हैं।




## कल्याणी देवी में 30 घंटे से बत्ती गुल, इंजीनियर कर्मचारी गायब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बिजली कर्मियों की कार्य बहिष्कार की वजह से कल्याणी देवी उपकेंद्र से जुड़े मोहल्लों में पिछले 30 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। अतरसुइया चौराहा से शनिदेव मंदिर के लिए जाने वाली सड़क के दोनों तरफ बुधवार सुबह आपूर्ति ठप हो गई। उपकेंद्र में गली की बिजली गुल होने की सूचना दी गई। काफी देर तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने पर गली के लोग उपकेंद्र गए तो वहां न इंजीनियर मिले न कर्मचारी। मोहल्लेवासियों ने बताया कि आपूर्ति गुरुवार दोपहर तक बहाल नहीं होने से लगभग 150 घरों को पानी नहीं मिला। कनेक्शनधारी किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन न करें, इसके लिए उपकेंद्र पर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती कर दी गई है। तेलियरगंज, रसूलाबाद, शंकरघाट, गोविंदपुर, बघाड़ा के कई मोहल्लों में भी बिजली ट्रिपिंग की समस्या शुरू हो गई है।




## बूथ सशक्तिकरण हेतु भाजपा की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** गुरुवार को जसरा पंचायत भवन में भाजपा पदाधिकारियों ने वह सशक्तिकरण हेतु बैठक की जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा बहुत मजबूत होगा तभी हम अपना जनप्रतिनिधि बना पाएंगे इसके लिए आप सबको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। मुख्य वक्ता जिला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी ने राष्ट्रपति का अभिभाषण पढ़कर कार्यकर्ताओं को सुनाया कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया व संचालन भूपेंद्र पाठक ने की। बैठक में आए हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने स्वागत किया। बैठक में प्रमुख रूप से राजा बाबू पाठक, प्रीतम केसरवानी, ग्राम प्रधान जसरा आशीष, सोनकर, वीरेंद्र पाठक, आलोक द्विवेदी, सुबोध जायसवाल, अरूण मालवीय, मेलाराम, दीपचंद्र मोदनवाल, राम केसरवानी, रामजी त्रिपाठी, शशीकांत पांडेय, अवध बिहारी मिश्रा, अशोक तिवारी, सुरेश मिश्रा, गोपाल केसरवानी, अर्जुन विश्वकर्मा, हजारी लाल पटेल, देवराज सिंह, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट बिरादरी के बच्चों का शिक्षा और विवाह में करेगा मदद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट के ज़िला अध्यक्ष प्रतापगढ़ डॉ0 सूफ़ी मुश्ताक अहमद की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ज़िला,तहसील एवं एवं लगभग तीस फ़ोर व्हीलर गाड़ियों का इंतजाम किया जाएगा।ज़िले के अलग-अलग गाँवों में से इस सम्मेलन में आने वाले सभी भायों को साधन मुहैया कराया जाएगा।समाज को शिक्षा के मुख्य बनाने के लिए बैठक में मौजूद पदाधिकारियों के माध्यम से ?1,14500/- का आर्थिक सहयोग भी प्राप्त हुआ है। डॉ0 अशद मनिहार एवं इसरार अहमद उर्फ गुड्डू भाई के जानिब से एक एक




ब्लाक के पदाधिकारियों ने शिरकत किया। इसमें मनिहार बिरादरी के शैक्षिक,सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान का फैसला किया गया।प्रतापगढ़ जिले के मनिहार समाज को एकजुट करने के लिए 15 अक्टूबर,2023 को ज़िला अध्यक्ष प्रतापगढ़ की अध्यक्षता में मनिहार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम में पूरे ज़िले के मनिहार समाज को इकठ्ठा किया जाएगा। प्रतापगढ़ जिले के मनिहार सम्मेलन को कामयाब बनाने के लिए लगभग आठ बस धारा से जोड़ने के लिए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में दाखिला के लिए मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट के तरफ़ से 10 बच्चों को फ्री आफ कास्ट कोचिंग मुहैया कराने का फैसला किया गया। समाज में जिन बच्चियों का रिश्ता आर्थिक तंगी के कारण नहीं हो पा रहा है।समाज में इस तरह की बच्चियों का निकाह का भी इंतजाम 15 अक्टूबर 2023 को प्रतापगढ़ के मनिहार सम्मेलन में कराया जाएगा।आज की बैठक में मनिहार सम्मेलन को कामयाब बस का भी इंतजाम किया जाएगा। बैठक में सूफ़ी डॉ0मुश्ताक अहमद मनिहार, मोहम्मद शफीक मनिहार,अमीन मनिहार, शाहिद अली मनिहार, सद्दाम हुसैन मनिहार,अकबर अली मनिहार, शाबान नूरी मनिहार, समीम अहमद उर्फ चांद मनिहार, मुख्तार अहमद मनिहार,अशद मनिहार, मोहम्मद ईशा मनिहार, मुश्ताक अहमद मनिहार,रईश अहमद मनिहार,मो समीम मनिहार,मो सुफियान मनिहार, नासिर मनिहार,पीर मोहम्मद मनिहार, इरफान अहमद मनिहार आदि लोग मौजूद थे।

# पीएम से मुलाकात के लिए 20 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट एक हफ्ते की ट्रेनिंग में बताई जाएंगी ये खास बातें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** गुरुवार को खेलो बनारस के विजेता खिलाड़ियों को विकास भवन बुलाया गया था। बैठक में करीब 70 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें से 20 खिलाड़ियों को शॉटलिस्ट किया सवालों का जवाब देने का तौर तरीका सिखाया जाएगा। गुरुवार को खेलो बनारस के विजेता खिलाड़ियों को विकास भवन बुलाया गया था। बैठक में करीब 70 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने उनसे किस तरह जवाब देना है। इसके बाद इन 20 खिलाड़ियों में केवल पांच को ही पीएम से मिलने का मौका मिलेगा। बैठक में मुख्य रूप से रणन्जय सिंह, राजेश दोहरी खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे खेल मैदान की



गया। अब इन चयनित खिलाड़ियों की बाकायदा एक हफ्ते तक ट्रेनिंग होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए आदर्श सांसद खेल स्पर्धा खेलो बनारस में हिस्सा लेने वाले 70 खिलाड़ियों में से 20 को शॉर्टलिस्ट किया गया है। अब अगले एक सप्ताह तक इन खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। पीएम से बात करने और उनके खेलो बनारस के फायदे, खेल से उनके जीवन में हुए बदलावों के बारे में जाना। इसके आधार 20 खिलाड़ियों को शॉटलिस्ट किया गया। अब इन चयनित खिलाड़ियों की बाकायदा एक हफ्ते तक ट्रेनिंग होगी। उन्हें ये बताया जाएगा कि पीएम के समक्ष उन्हें कैसे खड़े होना है, कैसे बैठना है, उनके सवालों का सुनाई समस्य बैठक में सीडीओ ने जब खिलाड़ियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा तो ज्यादातर ने अपने गांव में खेल मैदान न होने की समस्या बताई। सीडीओ ने उन्हें आश्वस्त किया कि दो से तीन महीने में सभी विकास खंड में खेल मैदान तैयार कर खेल की हर सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी।

# अराजक तत्वों ने तोड़ी बाबा साहेब की प्रतिमा, आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**आजमगढ़।** नंदनगर बाजार में मुख्य मार्ग की पटरी पर ही संविधान शिल्पी बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। मार्ग की पटरी पर ही संविधान शिल्पी बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। गुरुवार की रात अज्ञात अराजक तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर



गुरुवार की रात अज्ञात अराजक तत्वों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह आसपास के लोगों ने प्रतिमा को टूटा देखा तो आक्रोशित हो उठे। काफी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और मुख्य मार्ग पर जाम लगा कर धरना देना शुरू कर दिया। आजमगढ़ में निजामाबाद कस्बा से सटे नंदनगर बाजार में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा को बृहस्पतिवार की देर रात अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देख कर लोगा आक्रोशित हो उठे और मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। जांच की सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स पहुंच गई। थाना प्रभारी ने तत्काल दूसरी प्रतिमा मंगा कर स्थापित कराने की कवायद शुरू करा लोगों को शांति कराया। नंदनगर बाजार में मुख्य दिया। सुबह आसपास के लोगों ने प्रतिमा को टूटा देखा तो आक्रोशित हो उठे। काफी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और मुख्य मार्ग पर जाम लगा कर धरना देना शुरू कर दिया। बाबा साहब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने और विरोध में लोगों के चक्काजाम की जानकारी होते ही निजामाबाद थाना पुलिस के साथ ही आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। एसओ निजामाबाद ने तत्काल दूसरी प्रतिमा मंगवाया और उसे स्थापित कराने की कवायद शुरू कराया। इसके बाद लोगों का गुस्सा कुछ शांति हुआ और दो घंटे बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त पर मुख्य मार्ग पर आवागमन बहाल किया। पुलिस ने आक्रोशि लोगों को प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वाले की पहचान कर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन भी दिया है।

# वाराणसी में बूंदाबांदी से बदला मौसम, अरब सागर की हवाओं का दिखा असर, आईएमडी ने दी खास जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**वाराणसी।** में दो दिन से तेजधूप से उमस के बाद गुरुवार को मौसम अचानक बदल गया। सुबह तो मौसम साफ रहा, इसके बाद बादल छाया रहा। इधर दिन भर बादलों की आवाजाही जारी रही। वाराणसी में शुक्रवार की सुबह बारिश होने मौसम का मिजाज बदल गया है। दो दिन से तेजधूप से उमस के बाद गुरुवार को मौसम अचानक बदल गया। सुबह तो मौसम साफ रहा, इसके बाद बादल छाया रहा। इधर दिन भर बादलों की आवाजाही जारी रही। दोपहर में थोड़ी देर के लिए धूप हुई और हवा की रफ्तार थम गई। इस वजह से उमस लगने लगी। फिर बादल छाने लगे बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज श्रीवास्तव के अनुसार अरब सागर से आने वाली हवाओं की वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिला है। अभी और बूंदाबांदी के भी आसार हैं।



# संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक का इस्तीफा, भ्रष्टाचार का आरोप, कुलपति बोले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** परीक्षा नियंत्रक का पद छोड़ने के बाद डॉ. पद्माकर मिश्र ने आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा विभाग में अनियमितताएं हैं। इसकी रिपोर्ट दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। कॉपियों के मूल्यांकन में गड़बड़ियों की शिकायतें भी सही पाई गई थीं। भ्रष्टाचार उजागर करने के बाद ही तीन मार्च को कुलपति को पत्र लिखा था। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पद्माकर मिश्र ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। उनका आरोप है कि भ्रष्टाचार के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से आहत हैं। दूसरी तरफ, कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। साथ ही प्रो. राजनाथ को नया परीक्षा नियंत्रक बनाया है। परीक्षा नियंत्रक का पद छोड़ने के बाद डॉ. पद्माकर मिश्र ने आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा विभाग में अनियमितताएं हैं। इसकी रिपोर्ट दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। कॉपियों के मूल्यांकन में गड़बड़ियों की शिकायतें भी सही पाई गई थीं। भ्रष्टाचार उजागर करने के बाद ही तीन मार्च को कुलपति को पत्र लिखा था। इसमें परीक्षा नियंत्रक पद से मुक्त किए जाने का अनुरोध किया गया था। 15 मार्च को पद से मुक्त कर दिया गया, लेकिन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।



सीधे प्रवेश








नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





➤ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➤ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➤ फायर सेफ्टी — सीसीए
➤ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➤ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➤ सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
➤ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर

Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# नौ साल पहले मुन्ना बजरंगी ने कराई थी डिप्टी जेलर की हत्या, ऐसे रची थी साजिश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** मेरठ जिले के रहने वाले डिप्टी जेलर अनिल त्यागी की हत्या का खुलासा करते हुए कैंट थाने की पुलिस ने सात मई 2014 को बताया था कि मऊ निवासी रमेश सिंह काका सहित छह बदमाश डिप्टी जेलर की हत्या में शामिल



थे। वाराणसी जिला जेल के डिप्टी जेलर रहे अनिल त्यागी की हत्या बागपत जेल में गैंगवार में मारे गए कुख्यात मुन्ना बजरंगी ने नौ साल पहले पांडेयपुर क्षेत्र में कराई थी। तेजतर्रार, सख्त मिजाज और जेल मैन्युअल का कड़ाई से पालन कराने वाले डिप्टी जेलर अनिल त्यागी के चलते मुन्ना बजरंगी और रमेश सिंह काका जैसे बदमाश सलाखों के भीतर मनमानी नहीं कर पाते थे। इसी वजह से सुनियोजित तरीके से 23 नवंबर 2013 को पांडेयपुर स्थित जिम के सामने अनिल त्यागी पर मुन्ना बजरंगी के पांच पेशेवर शूटरों ने अंधाधुंध गोलियां बरसा कर हत्या कर दी थी। मेरठ जिले के रहने वाले डिप्टी जेलर अनिल त्यागी की हत्या का खुलासा करते हुए कैंट थाने की पुलिस ने सात मई 2014 को बताया था कि मऊ निवासी रमेश सिंह काका सहित छह बदमाश डिप्टी जेलर की हत्या में शामिल थे। हालांकि, जुलाई 2017 में एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में वांछित शूटर बैरिया (बलिया) के मधुबनी निवासी चंदन सिंह उर्फ रोहित को कैंट क्षेत्र से गिरफ्तार करने के बाद खुलासा किया था कि डिप्टी जेलर त्यागी की हत्या मुन्ना बजरंगी ने कराई थी।एसटीएफ को चंदन ने बताया था कि 23 नवंबर 2013 को पांडेयपुर स्थित जिम के सामने जिला जेल के डिप्टी जेलर अनिल त्यागी की हत्या की साजिश रचने से लेकर वारदात को अंजाम देने तक में वह शामिल रहा था। उन दिनों मुन्ना बजरंगी और रमेश काका जिला कारागार में निरुद्ध थे। अनिल त्यागी के चलते वे मनमानी नहीं कर पाते थे। इस वजह से दोनों डिप्टी जेलर से नाराज थे। चंदन ने बताया कि वह जेल में मुन्ना बजरंगी से मिलने जाता था। उसी दौरान मुन्ना बजरंगी ने चंदन, राजेश चौधरी, रिंकू सिंह, अमजद और वकील पांडेय को डिप्टी जेलर की हत्या का जिम्मा सौंपा था। उसने और राजेश चौधरी ने तीन दिन तक रेकी की और वारदात को अंजाम देने के लिए पांडेयपुर में जिम के बाहर का स्थान चुना। 23 नवंबर 2013 को अनिल त्यागी जैसे ही जिम के सामने कार से उतरे, अंधाधुंध फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। डिप्टी जेलर अनिल त्यागी की हत्या में शामिल रहे शूटर राजेश चौधरी की हत्या अगस्त 2014 में मिर्जापुर के अहरौरा क्षेत्र के चूनादरी के समीप गैंगवार में की गई थी।


# पाक्सो एक्ट: चार दोषियों को 5- 5 वर्ष की कैद

**प्रत्येक पर 12- 12 हजार रूपये अर्थदंड ना देने पर 4- 4 माह की अतिरिक्त कैद छह माह पूर्व नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी किए जाने व तेजाब छिड़क कर चेहरा खराब करने की धमकी का मामला अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगा**

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** छह माह पूर्व नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ एवं तेजाब छिड़ककर चेहरा खराब करने की धमकी देने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर चारों दोषियों अजमेरुद्दीन, रुस्तम, सोहराब एवं वसीम को 5- 5 वर्ष की कैद व 12- 12 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4- 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। जेल में वितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी।
अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 22 सितंबर 2022 को दुद्धी कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 21 सितंबर 2022 को दोपहर 2 बजे दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के दिघुल गांव निवासी अजीमुद्दीन, रुस्तम, सोहराब व वसीम मोटरसायकिल से उसके घर के सामने आ गए और पहले हॉर्न बजाने लगे। जब उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उसकी नाबालिग बेटी जो कक्षा 9 की छात्रा है का नाम लेकर बुलाने लगे। जब हमलोग घर से बाहर निकले तो अनलोगों ने कहा कि आज बेटी को बाहर नहीं आने दिए, लेकिन शीघ्र ही उसकी बेटी को उठा ले जाएंगे। यह धमकी देते हुए सभी वहां से चले गए। जब बेटी से पूछा गया तो वह रोने लगी और बताई कि जब वह स्कूल जाती है तो सभी मिलकर उसे परेशान करते हैं। उसके साथ छेड़छाड़ भी करते हैं। कई बार उनके भय से स्कूल भी नहीं जा रही थी। शर्म की वजह से यह बात नहीं बता रही थी। इतना ही नहीं ये लोग यह भी धमकी दे रहे थे कि अगर किसी से बताओगी तो तेजाब छिड़क कर चेहरा खराब कर देंगे। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर चारो दोषियों अजमेरुद्दीन, रुस्तम, सोहराब व वसीम को 5- 5 वर्ष की कैद एवं 12- 12 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4- 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# 20 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रविवार को भी जारी रहा। दूसरे दिन 20406 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। श्री माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय मिश्रा ने बताया कि रविवार को 8000 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इसी प्रकार बीएलजे इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बीडी तिवारी ने बताया कि उनके यहां 2831 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। राजस्थान इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज में कुल 9575 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह ने बताया कि मूल्यांकन अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो रहा है। मूल्यांकन केंद्रों में शिक्षकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मूल्यांकन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो रहा है। प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र में स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उनकी निगरानी में मूल्यांकन किया जा रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज व बीएलजे इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट तथा राजस्थान इंटर कॉलेज व माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।





# वनवे मार्ग होने से सैकड़ों दुर्घटनाएं आखिर जिम्मेदार कौन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला /सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के बग्घानाला से वैष्णो मंदिर तक वनवे होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रखती है ,अब तक कई राहगीरों की चली गई जान कई हो चुके है घायल , सैकड़ों कई वर्षों से दोनों दिशा से आ रही गाड़ियों के लिए वनवे मार्ग कर दिया गया है जिससे उस मार्ग से जा रहे वनवे मार्ग से अनजान राहगीरों का वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सीधी टक्कर हो जाया करती हैं जिससे अब तक वहा पर लगभग निर्माण कंपनी द्वारा फ्लाईओवर निर्माण कार्य को काफी दिनों तक बंद कर दिया गया था फिर लगातार वहा पर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा जिला प्रशासन से लगातार मांग किया गया







दुर्घटनाएं का जिम्मेदार आखिर में कौन। गौरतलब हो कि चोपन थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग पर स्थित बग्घानाला के पास डी डी गुप्ता पेट्रोल पंप से लेकर वैष्णो मंदिर के पास मां वैष्णो पेट्रोल पंप तक के मुख्य मार्ग पर दोनों दिशा की तरफ से आ रहे वाहनों के आने जाने के लिए वनवे मार्ग कर दिया गया है। बताते चलें कि वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग पर रामनगर से हाथीनाला तक दोनों दिशा से आ रहे वाहनों के लिए अलग-अलग मार्ग बनाया गया है किंतु बग्घानाला के पास रेलवे फ्लाईओवर का कई वर्षों से धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य के कारण मुख्य मार्ग पर स्थित बग्घानाला के पास डी डी गुप्ता पेट्रोल पंप से वैष्णो मंदिर के पास मां वैष्णो पेट्रोल पंप तक के मार्ग को बीते सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें कई राहगीरों की मौत और कई घायल भी हो चुके हैं । अभी कुछ दिन पूर्व ही एक पुलिसकर्मी की भी मौत उसी स्थान पर हो गई थी , फिर भी पुलिस प्रशासन ने अभी तक वहां पर सुरक्षित यातायात के लिए कोई पहल नहीं किया । बुधवार कि सुबह वैष्णो मंदिर के पास वनवे मार्ग से एक व्यक्ति सड़क पर अपनी दिशा की गाड़ियों को देखते हुए जा रहा था कि अचानक दूसरी दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार दो व्यक्ति और सड़क से जा रहे राहगीर को हल्की-फुल्की चोटें आई । वहां पर स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को समझा-बुझाकर तो भेज दिया लेकिन वहां पर उपस्थित लोगों का गुस्सा इस बात को लेकर था कि न जाने सड़क तब जाकर फ्लाईओवर निर्माण का कार्य को पुनः चालू तो कर दिया गया ।कई वर्षों से इतनी धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य की वजह से लगभग सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें कई लोगों की मौत और कई लोग घायल हो भी हो चुके है ,वहीं से ओबरा जाने का भी मार्ग लगा हुआ है और वहां पर स्थित मंदिर पर भी दूरदराज से आए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है । वहा पर लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए मां वैष्णो पेट्रोल पंप और डीडी गुप्ता पेट्रोल पंप के पास मार्ग पर दिए गए डिवाइडर कटिंग के पास सुरक्षित यातायात सुविधा को बहाल कराने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती कर दिया जाए तो वहां पर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है ।

# मेडिकल कॉलेज को मिले दो एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मेडिकल कालेजको दो एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन की सौगात मिली है। इससे मरीजों का ऑपरेशन करने में आसानी वर्क स्टेशन में मरीज के पूरे शरीर को सुन्न कर ऑपरेशन किया जा सकेगा। करीब 20 लाख रुपये में एक एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन आता है।करीब 40 लाख के दो




होगी। इसके अलावा दो ऑपरेशन टेबल भी मिले हैं। मेडिकल कॉलेज के अधीन मंडलीय अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर है। यहां मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। ऑपरेशनके दौरान मरीज को बेहोश करने के लिए पर्याप्त उपकरण नहीं थे। प्राचार्य आरबी कमल ने बताया कि एनेस्थिसिया एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन मेडिकल कॉलेज को मिले हैं। एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन में शरीर को सुन्न करने की सुविधा के साथ ऑक्सीजन, बीपी व अन्य डिटेल स्क्रीन पर दिखेंगे। इसके अलावा ऑपरेशन थियेटर टेबल भी मिला है। जल्द ही उपकरण को इंस्टाल कर मरीजों के लिए सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

# सामूहिक विवाह में चार जोड़े एक दूजे के हुएसामूहिक विवाह में चार जोड़े एक दूजे के हुए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** तैलिक साहू समाज के तत्वाधान में रविवार को इमरती रोड स्थित एक पैलेस में होली मिलन व सामूहिक विवाह समारोह का पहुंची। जहां धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ। विवाह के बाद नवदंपती को आवश्यक सामान उपहार स्वरूप दिए गए। इसके बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गरीब परिवार की कन्याओं का विवाह कराने का फल प्राप्त होता है। कार्यक्रम में डॉ. रामहर्ष गुप्ता, चन्द्रलोचन गुप्ता, राजेश कुमार



आयोजन किया गया। इसमें चार जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। इस दौरान सुर संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान सरिता का रामबली साहू, बच्चे लाल का रेखा गुप्ता, शुभम साहू का नीतू गुप्ता व रवि गुप्ता का सुधा के साथ विवाह हुआ। घंटाघर स्थित साहू धर्मशाला से डीजे और रथ के साथ बरात निकली। बरात नगर में विभिन्न मार्गों से होते हुए इमरती रोड स्थित पैलेस इसमें समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली मनाई। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि बदलते दौर में जब व्यक्ति के पास अपने लिए फुर्सत नहीं है तो ऐसेमें सामूहिक विवाह का आयोजन समाज के लिए एक नया संदेश है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल साहू, रामा शंकर साहू, आशीष साहू, संतोष साहू, आकाश साहू, छेदीलाल गुप्ता, शुभम साहू, रविशंकर साहू, उदय चंद गुप्ता, सतीश गांधी, गुंजन गुप्ता, शशि गुप्ता, छेड़ी लाल साहू , अवधेश साहू , लक्ष्मी गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, जय लक्ष्मी गुप्ता, राधा गुप्ता, सुनीता गुप्ता आदि मौजूद रहीं। संचालन उदय चंद गुप्ता व रमाशंकर साहू ने किया।

# 105 सभापति, 39 उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** सभापति, उपसभापति एवं अन्य अन्य सहकारी समितियों को भेजे जाने वाले डेलीगेट का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। सभापति एवं उपसभापति के चुनाव में 22 समितियों में सभापति एवं उप सभापति का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। निर्विरोध निर्वाचित होने पर समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत कोलेपुर में सभापति अशोक कुमार सिंह व उपसभापति जीत नारायण मिश्र निर्विरोध निर्वाचित हुए। साधन सहकारी समिति बबुरा में कोरम पूरा होने के अभाव में पद रिक्त है। साधन सहकारी समिति चितौली में विजय सिंह व सीमा देवी चुनाव मैदान थे। मतगणना के बाद सीमा तिवारी को विजयी घोषित किया गया। पड़री के मोहनपुर साधन



किया।सिटी ब्लाक क्षेत्र के राजपुर सहकारी समिति लिमिटेड के चुनाव में भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाए गए अध्यक्ष पद के लिए सुभाष सिंह एवं उपाध्यक्ष पद पर अखंड प्रताप सिंह निर्विरोध चुने गए। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, मंडल अध्यक्ष सिटी सुजीत सिंह आदि ने इस पर खुशी जताई। विकास खंड छानबे में क्षेत्रीय साधन सहकारी समिति गैपुरा में सभापति आशीष कुमार पांडेय, उप सभापति श्याम धर दुबे, साधन सहकारी समिति चितौली में विजय सिंह सभापति, रामसागर मिश्र उप सभापति चुने गए। कंचन लाल नरैना में सभापति, विरेंद्र कुमार सिंह दल्ले उप सभापति चुने गए। खैरा में सभापति मीरा सिंह, उप सभापति चंदा सिंह चुनी गईं। इसी तरह से नौगांव में सभापति अशोक उपाध्याय, उप सभापति नागेश पांडेय चुने गए। डेरवा में सभापति अरविंद कुमार सिंह तथा शिवपुर में सभापति जितेंद्र कुमार सिंह चुने गए। चडैचा श्रम संविदा समिति में सभापति उषा देवी मिश्रा, उप सभापति अरविंद कुमार चुने गए। नरोइया में सभापति श्रीनिवास सिंह, सहकारी समिति में सभापति तेज प्रताप सिंह, उपसभापति फौजदार चुने गए। कठनई साधन सहकारी समिति में सभापति मणिशंकर सिंह, उपसभापति दिनेश सिंह तथा दाढ़ी राम में सभापति अशोक मौर्य, उपसभापति झल्लू राम चुने गए। पहाड़ी भोजपुर साधन सहकारी समिति में सभापति अर्चना पांडेय, माधोपुर साधन सहकारी समिति में सभापति संतोष पाठक, भरपुरा साधन सहकारी समिति से सभापति रेनू सिंह व उपसभापति शम्भू नाथ गुप्ता निर्विरोध चुने गए। कछवां में सुरेश सिंह सभापति, उप सभापति राघव उपाध्या चुने गए। महामलपुर में जै देवी सभापति, उप सभापति चंपा देवी चुनी गईं। जलालपुर में सभापति शर्वेश सिंह, उप सभापति विपिन बिहारी सिंह चुने गए। रामापुर गवर्नर गुरु, जमुआ में महंगू राम सभापति बने। लालगंज के पगार साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर जयशंकर तिवारी, किसान साधन सहकारी समिति लालगंज में अध्यक्ष पद पर बेला कली यादव निर्वाचित घोषित हुईं। हलिया के साधन सहकारी समिति भटवारी डिघिया में सभापति पद पर अमर बहादुर निर्वाचित घोषित हुए। उप सभापति लाख नारायण बने। इसी प्रकार साधन सहकारी समिति महुगढ़ सिकटा में सभापति पद पर उर्मिला निर्विरोध निर्वाचित हुईं। साधन सहकारी समिति अहुगीकला में सभापति भगौती प्रसाद दूबे, उप सभापति पुल्लू उर्फ भागीरथी निर्वाचित हुए। साधन सहकारी समिति महोगढ़ी में सभापति उर्मिला देवी, उपसभापति लालबहादुर पाल निर्वाचित हुए। साधन सहकारी समिति बबुरा कला में ददऊ सिंह सभापति व पुष्पराज सिंह उप सभापति बने। साधन सहकारी समिति मटिहरा मतवार में गौरीशंकर सभापति तथा रामेश्वर उप सभापति बने। साधन सहकारी समिति बडौहां उमरिया में अनीता देवी सभापति तथा राजेश्वर उप सभापति बने। राजगढ़ के ददरा हिनौता सहकारी समिति में अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह बने। पटेहरा में सभापति राजेश कुमार तिवारी, मलुआ में उप सभापति अनिल कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। सक्तेशगढ़ के साधन सहकारी समिति तेंदुआ कला सक्तेशगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए रविंद्र बहादुर सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। अदलहाट के नरायनपुर विकास खंड क्षेत्र के क्षेत्रीय सहकारी समिति अदलहाट में अध्यक्ष पद पर राजनरायन सिंह निर्विरोध चुने गए। क्षेत्रीय सहकारी समिति कोलना में अध्यक्ष पद पर शिव प्रसाद सिंह निर्विरोध चुने गए। क्षेत्रीय सहकारी समिति घाटमपुर में चंद्र भूषण सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। ड्रमंडगंज के साधन सहकारी समिति बेलन बरौंधा में इंद्रदेव मिश्र लाला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष धनवंती देवी निर्विरोध निर्वाचित हुईं। इसी तरह साधन सहकारी समिति बबुरा कला में दद्दू सिंह अध्यक्ष तथा पुष्पराज सिंह निर्विरोध उपाध्यक्ष बने। साधन सहकारी समिति महोगढ़ी में उर्मिला देवी निर्विरोध अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए लालबहादुर पाल व मंगला देवी के बीच हुई कांटे की लड़ाई में पांच मत पाकर लालबहादुर पाल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

# विंध्य महोत्सव में मालिनी अवस्थी भी प्रस्तुत करेंगी कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** विंध्याचल में चैत्र नवरात्र के दौरान आयोजित होने वाले विंध्य महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे। पहले दिन 22 मार्च को पद्म श्री मालिनी अवस्थी लोकगीत, भजन आदि प्रस्तुत करेंगी। उस दिन पद्म श्री एवं पद्म विभूषण पंडित छन्नू लाल की पुत्री नम्रता मिश्रा के गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। अगले दिन 23 मार्च को मनीष शर्मा शिव महिमा एवं दुर्गा महिमा पर आधारित कथक नृत्य, राजेश श्रीवास्तव एवं उनकी टीम की तरफ से भजन की प्रस्तुति की जाएगी। इनके अलावा आंबेडकर नगर की लोकगायिका प्रतिमा यादव एवं उनकी टीम द्वारा भजन, लोकगीत, लोक नृत्य, गंगा नृत्य आदि पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। अगले दिन 24 मार्च को वाराणसी की ममता शर्मा गायन तथा लखनऊ की प्रतिभा मिश्रा लोक गायन एवं लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। जिले की गायक कलाकार उषा गुप्ता एवं उनकी टीम देवी गीत, भजन तथा शिव लाल गुप्ता भजन व कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा 25 मार्च को लखनऊ के विभू वाजपेयी शिव गंगा, श्रीराम पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। जौनपुर निवासी आशीष पाठक भी विविध कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। अगले दिन 26 मार्च को वाराणसी के कलाकार डॉ. शनिय गयावली, डॉ. सुचरिता गुप्ता, डॉ. प्रियंवदा टी पौडयाल, डॉ. सौरभ का गायन होगा। इसके बाद 27 मार्च को मथुरा की राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त दानी शर्मा व उनकी टीम ब्रज की होली, फूलों की होली, मयूर नृत्य प्रस्तुत करेगी। देवी जागरण गायक रविशंकर शास्त्री का भजन एवं देवी जागरण कार्यक्रम भी होगा। इसी तरह से 28 मार्च को दानी शर्मा व पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव द्वारा कजरी व देवी गीत आदि की प्रस्तुति दी जायेगी। उसी दिन लखनऊ की मंजू सिंह द्वारा भी लोक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा 29 मार्च को उड़ीसा की सुप्रसिद्ध भजन गायिका अभिलिप्सा पाण्डा भजन गायन तथा उसी दिन लोक गायक अमित दूबे का गायन होगा। अगले दिन 30 मार्च को अंतरराष्ट्रीय कलाकार उर्मिला श्रीवास्तव कजरी, डॉ. मन्नू यादव का गायन होगा। इनके अलावा मंटू मिश्र हंसमुख एवं कोटा राजस्थान के हरिहर बाला की तरफ से विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्थानीय कलाकारों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। विशेष कार्यक्रम का आयोजन 26 मार्च को शाम छह बजे से दीवान घाट पर किया गया है। इसमें महागंगा आरती, नौका दीपोत्सव, गगन दीपोत्सव (आतिशबाजी), भजन आदि कार्यक्रम होंगे। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि विंध्य महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल करेंगे। उधर, मंदिर में 29 व 30 मार्च को अखंड मानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि यह मंदिर ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से खास है। उन्होंने अपील की कि लोग इस मंदिर में दर्शन-पूजन करने अवश्य आएं। इस पौराणिक मंदिर को धार्मिक पर्यटन से जोड़ा जा सकेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए त्रिकोण परिक्रमा पथ पर इलेक्ट्रिक बस का संचालन किया जा रहा है। नवरात्र के दौरान विंध्याचल बस अड्डा से बस चलेगी और दिनभर में पांच चक्कर लगाएगी। इसका सफर पूरी तरह से निःशुल्क होगा। सुबह 10 बजे, दोपहर 12 बजे, दोपहर बाद दो बजे, शाम चार बजे व रात आठ बजे यह बस चलेगी। इसी प्रकार बुजुर्ग, बीमार, दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए चार गोल्फ कार्ट का संचालन किया जाएगा। ये गोल्फ कार्ट पुरानी वीआईपी, नई वीआईपी कोतवाली मार्ग में संचालित होंगे। ये गोल्फ कार्ट यात्रियों को मंदिर ले आने व ले जाने का काम करेंगी। यह सुविधा भी निःशुल्क होगी।




# शिविर में 42 लोगों ने किया रक्तदान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।**नगर के धुंधी कटरा स्थित एक लान में रोटरी-रोट्रेक्ट आना चाहिए। रोट्रेक्ट एडवाइजर मयंक गुप्ता ने बताया कि पूरे विश्व के युवा रोट्रेक्ट सदस्य विश्व




क्लब विंध्याचल व विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 55 लोगों ने पंजीकरण कराया। जांच के बाद 42 लोगों ने रक्तदान किया। रोटरी क्लब विंध्याचल के अध्यक्ष महावीर सेठिया ने कहा कि रक्तदान से पुनीत कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता है। वे भी लगातार रक्तदान करते आ रहे हैं। विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान से तीन जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। लोगो को बढ़ चढ़कर रक्तदान के लिए आगे रोट्रेक्ट सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान कर रहे हैं। रक्तदान करने के बाद सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। गौरव मिश्रा और स्वरूप गुप्ता ने सर्वप्रथम रक्तदान करके शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में आदित्य सिंह, नियति अग्रवाल, संजय सिंह गहरवार, अमोल सिंह, मोहित कसेरा, अभिषेक गुप्ता, निशान्त गुप्ता, अपूर्वा शुक्ला, अभिषेक साहू, निशि जायसवाल, सत्यम गुप्ता, कृष्णा केशरी, मनीष गुप्ता, नीतू सोनी, रामकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आईपीएल 2023: राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के इतिहास में तोड़ा है अपना ही रिकॉर्ड, पढ़ें 5 हाईएस्ट रन चेज के बारे में



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 का धमाल 31 मार्च से शुरू होने वाला है। पहला मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। आईपीएल में कई बार बड़े रिकॉर्ड बनते और टूटते हुए देखे गए हैं। बात की जाए लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा टोटल रन चेज की तो यह रिकॉर्ड राजस्थान रॉयल्स के नाम रहा है गौरतलब हो कि शुरुआती घ्क्ष्थ् चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के नाम लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा टोटल चेज करने का रिकॉर्ड है। रॉयल्स ने पहले सीजन में ही रिकॉर्ड बनाया था, जब शेन वार्न की अगुवाई वाली राजस्थान ने डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ 215 रनों का पीछा किया था, लेकिन 2020 में राजस्थान ने ही सबसे बड़ा रन चेज किया। आइए जानते हैं उन पांच टीमों के बारे में जिन्होंने आईपीएल इतिहास में सफल रन चेज किया है इस सीजन में शारजाह में खेले गए एक शानदार मैच में राजस्थान ने अपना ही 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने मयंक अग्रवाल के शानदार शतक, केएल राहुल के अर्धशतक और निकोलस पूरन की ताबड़तोड़ कैमियो के साथ बोर्ड पर 223 लगाए। विशाल स्कोर का पीछा करते हुए आरआर ने खराब शुरुआत की। इसके बाद संजू सैमसन ने मोर्चा संभाला उन्होंने महज 42 गेंदों में 85 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन 17वें ओवर में उनका विकेट गिर गया। आरआर के लिए जीत मुश्किल लग रही थी, लेकिन राहुल तेवतिया ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने 18वें ओवर में शेल्डन कॉटरेल के खिलाफ 30 रन बटोरे। इस दौरान 5 छक्के लगाए। अंत में आरआर ने मैच अपने नाम कर लिया। चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 2018 रन बनाए। मुंबई इंडियंस के लिए इस लक्ष्य का पीछा करना कठिन माना जा रहा था। लेकिन अंत में कीरोन पोलार्ड ने एक अविश्वसनीय पारी खेली। श्घ् को 10 ओवर में 138 रन चाहिए थे। पोलार्ड ने 34 गेंदों में 6 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 87 रन बनाए और मैच श्घ् के पक्ष में कर दिया। आईपीएल के उद्घाटन सत्र में ही डेक्कन चार्जर्स ने राजस्थान के सामने 214 रन का स्कोर बनाया। एंड्रयू साइमंड्स नाबाद 117 रन की पारी खेली। जवाब में ग्रीम स्मिथ के 71 रन, युसूफ पठान की 28 गेंदों में 61 रन की तेजतर्रार पारी ने लक्ष्य को छोटा बना दिया। आरआर ने 217 रन बनाकर मैच जीत लिया। गुजरात लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सुरेश रैना 77 रन और दिनेश कार्तिक के 65 रनों की मदद से 7 विकेट के नुकसान पर 208 रन बनाए। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही। इसके बाद संजू सैमसन और पंत के बीच 143 रन की साझेदारी हुई। संजू ने जहां 61 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, पंत ने मैच में 9 छक्के और 6 चौके की मदद से 97 रन बनाए। दिल्ली ने 15 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी पंजाब की टीम ने सहवाग का विकेट जल्दी खो दिया। इसके बाद रिद्धिमान साहा ने शानदार अर्धशतक जड़ा। मनन वोहरा और ग्लेन मैक्सवेल ने भी योगदान दिया। अंत में कप्तान जॉर्ज बेली ने 19 गेंद में 35 रन बनाकर मैच की औपचारिकताएं पूरी कर दी दी।

# विश्व कप की तैयारियों का शंखनाद करेगा भारत, मजबूत ऑस्ट्रेलिया के साथ वानखेड़े स्टेडियम में होगी भिड़ंत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के विरुद्ध शुक्रवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का शंखनाद करेगी। दोनों टीमों के बीच पहला मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धता के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं है और उनकी गैरमौजूदगी में हार्दिक पांड्या टीम का नेतृत्व करेंगे। भारतीय टीम अब 50 ओवर के प्रारूप के विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को दुरुस्त करना चाहेगी। भारत ने अपना पिछला विश्व कप घरेलू सरजमीं पर महेंद्र सिंह धौनी के नेतृत्व में 2011 में जीता था। इसे ध्यान में रखते हुए रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम से भी ऐसी ही सफलता की उम्मीद होगी। भारतीय टीम ने इस साल श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अलग-अलग सीरीज में वनडे प्रारूप में सभी छह मैच जीतकर शानदार शुरुआत की है।हाल ही में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पर पहले मैच में रोहित की अनुपस्थिति में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का दबाव होगा। अहमदाबाद में चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में शतक के बाद उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अहमदाबाद में टेस्ट में 186 रन की पारी खेलने वाले कोहली ने सीमित ओवरों की खराब फार्म को पहले ही पीछे छोड़ दिया है।वह अपने पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतकों के आंकड़े को आगे बढ़ाना चाहेंगे। कोहली इस दौरान आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जांपा का सामना कैसे करते है यह देखना दिलचस्प होगा। भारतीय रन मशीन के खिलाफ जांपा का रिकार्ड शानदार रहा है।कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल विकेट लेने की अपनी क्षमता और सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय आक्रमण में अहम हथियार बन सकते हैं। कुलदीप इस साल पांच मैचों में 11 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर रहे हैं। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज ने इतने ही मैचों में 14 विकेट चटकाए हैं।नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में आस्ट्रेलियाई टीम स्टीव स्मिथ के नेतृत्व में खेलने उतरेगी। आस्ट्रेलिया का यह इस साल का पहला वनडे मैच होगा। टीम ने आखिरी दो टेस्ट मैच में स्मिथ की कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन किया था। कमिंस और जोश हेजलवुड वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर और हरफनमौला एश्टन आगर टीम से जुड़ गए हैं।भारत - हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, इशान किशन (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।आस्ट्रेलिया - स्टीव स्मिथ (कप्तान), डेविड वार्नर, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, मार्कस स्टोयनिस, एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिश, सीन एबाट, एश्टन आगर, मिशेल स्टार्क, नाथन एलिस, एडम जांपा।



# हार्दिक पांड्या ने किया खुलासा, बोले- इस खिलाड़ी की गैरमौजूदगी से वर्ल्ड कप की तैयारियों पर पड़ेगा गहरा असर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** भारत के कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि चोटिल श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति का भारत की इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों पर असर पड़ेगा। चोटिल श्रेयस अय्यर की जगह लेने के लिए इस समय दो सबसे मजबूत दावेदार हैं सूर्यकुमार यादव और रजत पाटीदार। रजत पाटीदार को श्रेयस अय्यर के विकल्प के रूप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में शामिल किया गया है। सूर्यकुमार यादव ने टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में काफी प्रभावित किया, लेकिन 50 ओवर प्रारूप में अपनी छाप नहीं छोड़ सके हैं। वहीं रजत पाटीदार को अपने डेब्यू का इंतजार है। देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में इन दोनों में से किसे मौका देगी। भारत - शुभमन गिल, ईशान किशन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या (कप्तान), रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक और जयदेव उनादकट। ऑस्ट्रेलिया - डेविड वॉर्नर, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, कैमरन ग्रीन, एश्टन आगर, एडम जंपा, मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस और शॉन एबट।




# मै सरेश रैना हूं शाहिद अफरीदी नहीं', भारतीय क्रिकेटर ने पत्रकारों के सामने उड़ाया पूर्व पाक कप्तान का मजाक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुरेश रैना ने बुधवार को दोहा, कतर में चल रही लीजेंड लीग क्रिकेट मास्टर्स में अपने स्ट्रोकप्ले से एक बार फिर फैंस का मनोरंजन किया। इंडिया महाराजास के लिए खेलते हुए रैना ने वर्ल्ड जायंट्स के खिलाफ 49 रन की तेजतर्रार पारी खेली। हालांकि, इंडिया महाराजास मैच नहीं जीत सका, लेकिन इसके बावजूद रैना ने अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक रिपोर्टर ने रैना से पूछा, ठआज रात आपके प्रदर्शन के बाद हर कोई आपको आईपीएल में वापस चाहता है। इस पर रैना ने चुटकीले अंदाज में जवाब दिया। रैना ने कहा, ठमैं सुरेश रैना हूं, मैं शाहिद अफरीदी नहीं। मैं रिटायरमेंट ले चुका हूं।ठ बता दें कि शाहिद अफरीदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के बाद कई बार टीम वापसी की थी। गौरतलब हो कि रैना के हरफनमौला प्रयास के बावजूद इंडिया महाराजास तीन विकेट से मैच हार गया। ब्रेट ली (3/18) वर्ल्ड जायंट्स के लिए बेहतरीन गेंदबाज की। भारत की तरफ से यूसुफ पठान को दो विकेट मिले।





## राशिफल



**मेष-:** आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-:** आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-:** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-:** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।






# आईपीएल 2023 में शतकों का सूखा खत्म करेंगे किंग कोहली जानें इतिहास में सर्वाधिक सेंचुरी जड़ने वाले टॉप-5 प्लेयर्स

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक ऐसी लीग है, जिसे दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इस लीग में कई देश-विदेश के खिलाड़ी हिस्सा लेते है और अपने प्रदर्शन के दम पर अपनी पहचान दुनिया में बनाते है। जहां इस लीग में अब तक ऐसे कई युवा खिलाड़ी देखने को मिले है, जिनकी किस्मत रातों-रात चमकी नजर आई, तो कुछ अनुभवी खिलाड़ी अपने खराब प्रदर्शन के चलते गुमनाम जिंदगी भी गुजार रहे है एक बार फिर से इस टूर्नामेंट में 10 टीमों का तड़का देखने को मिलने वाला है। साल 2023 के सीजन का आगाज 31 मार्च से होना है। ऐसे में इस बार भी कई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर कई नए रिकॉर्ड्स बनाते हुए दिख सकते हैं। बता दें कि आईपीएल में एक रिकॉर्ड ऐसा है, जो हर सीजन टूटता हुआ नजर आता है। वह रिकॉर्ड है आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने का कीर्तिमान। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की लिस्ट लिस्ट में पहले नंबर पर है क्रिस गेल का नाम, जो भले ही आईपीएल 2023 में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे, लेकिन आईपीएल में उनके नाम सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है। यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर गेल ने आईपीएल में कुल 141 पारियों में 6 शतक लगाए हैं, जो कि सबसे ज्यादा हैं लिस्ट में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का नाम दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने आईपीएल में अब तक कुल 215 मैच खेलते हुए 5 शतक जड़े है। वह गेल के रिकॉर्ड के बेहद ही नजदीक है। साल 2019 के बाद से कोहली ने आईपीएल में कोई शतक नहीं जड़ा है। ऐसे में उनसे उम्मीद है कि वह आईपीएल 2023 में एक शतक जड़ क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। लिस्ट में तीसरे नंबर पर है जोस बटलर का नाम, जिन्होंने आईपीएल में कुल 82 मैच खेलते हुए 5 शतक लगाए हैं और बटलर जिस तरह से आईपीएल में बल्लेबाजी करते हैं, उससे उम्मीद है कि आगामी सीजन में वह शतक जड़कर आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बनने की पूरी कोशिश करेंगे। लिस्ट में चौथे नंबर पर है डेविड वॉर्नर का नाम, जिनका आईपीएल रिकॉर्ड काफी शानदार रहा है। आईपीएल में डेविड में शतक जड़ने के मामले में चौथा स्थान हासिल किया है। कुल 162 मैचों में डेविड में 4 शतक जड़े हैं। लिस्ट में पांचवें नंबर पर है केएल राहुल का नाम, जिन्होंने आईपीएल में अब तक कुल 109 मैचों में 4 शतक जड़े हैं। इसके साथ ही उन्होंने 100 पारियों में 48 से ज्यादा के औसत स 3889 रन बनाए हैं।





## सम्पादकीय

### केवल मोदी विरोध से नहीं बनेगी बात, निजी और राजनीतिक स्वार्थों से इतर सोचने से ही सार्थक होगी विपक्षी एकता

आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में नौ प्रमुख विपक्षी नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए पत्र से शुरू विपक्षी एकता की कवायद संसदीय गतिरोध से लेकर सड़क तक पहुंच गई है। कांग्रेस के हाथों सागरदिघी (बंगाल) विधानसभा उपचुनाव हारते ही अगला लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का एलान करने वालीं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस संसद और सड़क पर विपक्षी एकता के इस प्रदर्शन से अभी तक अलग ही है। हालांकि प्रधानमंत्री को पत्र लिखने वालों में ममता शामिल थीं। ध्यान रहे कि पत्र लिखने वालों से कांग्रेस, द्रमुक और वाम दल दूर रहे थे। खुद अपने नेताओं के विरुद्ध सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगाती रही कांग्रेस ने बिहार में लालू यादव परिवार पर जमीन के बदले नौकरी मामले में कसते कानूनी शिकंजे की तो निंदा की, लेकिन सिसोदिया की गिरफ्तारी पर उसकी टिप्पणी थी कि वह अतीत में भी इस आबकारी नीति पर सवाल उठा चुकी है और इस मामले में सघन जांच की जरूरत है। फिर भी सीबीआइ और ईडी की सक्रियता से अब आम आदमी पार्टी और बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) की कांग्रेस से दूरी मिटने के संकेत मिल रहे हैं। अदाणी प्रकरण का साया तो संसद के बजट सत्र पर पड़ ही रहा है, अपने विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामलों में जांच के मुद्दे पर भी विपक्ष एकजुट हो रहा है। संसद चल नहीं रही, पर एकजुट विपक्ष संसद से ईडी आफिस तक मार्च निकालने की कोशिश कर चुका है। जाहिर है नौ साल से दिशाहीन नजर आ रहे विपक्षी दलों को एकजुट होने का अवसर मिल गया है, लेकिन यह स्वाभाविक प्रश्न अभी तक अनुत्तरित है कि एकता का उद्देश्य क्या है? प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में आरोप लगाया गया कि विपक्षी नेताओं के विरुद्ध सीबीआइ और ईडी जैसी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने का संकेत है, लेकिन भ्रष्टाचार के जिन मामलों की जांच हो रही है, विपक्ष की ओर से उन पर कोई ठोस स्पष्टीकरण अभी तक सामने नहीं आया है। जाहिर है अपने विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामलों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की सक्रियता को विपक्ष एकजुट होकर लोकतंत्र पर हमले का मुद्दा बनाना चाहता है, लेकिन राजनीतिक हितों का टकराव आड़े भी आ रहा है। ऐसा पहली बार भी नहीं हो रहा। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से ही विपक्षी एकता की कवायद नजर आती रही है। हां, उसके स्वयंभू सूत्रधार बदलते रहे हैं। कभी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एकता की मुहिम पर निकलती हैं तो कभी अपनी क्षेत्रीय पार्टी टीआरएस को बीआरएस बनाने वाले तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर और कभी पाला बदल-बदल कर बिहार के मुख्यमंत्री बने रहने वाले नीतीश कुमार। फिर भी लगभग नौ साल में यह कवायद कहीं नहीं पहुंच पाई, क्योंकि कभी राजनीतिक हितों का टकराव आड़े आ जाता है तो कभी उच्च सत्ता की महत्वाकांक्षाओं का। आखिर बंगाल में ममता ने वाम मोर्चा से सत्ता छीनने के क्रम में खत्म तो कांग्रेस को ही किया। आप ने दिल्ली और पंजाब, दोनों राज्यों में सत्ता कांग्रेस से ही छीनी है। गुजरात में कांग्रेस की दुर्गति का एक बड़ा कारण वहां आप का पूरी ताकत से चुनाव लड़ना भी रहा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के सत्तारूढ़ दल भी अपने लिए भाजपा से ज्यादा खतरनाक कांग्रेस की मजबूती को मानते हैं। हां, लगातार पांचवीं बार ओडिशा के मुख्यमंत्री बने बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ऐसी कवायद से दूर ही रहते हैं। बेशक सशक्त और जीवंत लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष भी जरूरी है, लेकिन निराशाजनक यह है कि विपक्षी एकता की जब-तब की जाने वाली कवायद के मूल में लोकतंत्र की चिंता कम, अपनी राजनीति की चिंता ज्यादा नजर आती है। कमोबेश हर साल विपक्षी एकता का राग अलापा जाता है, लेकिन इस बीच शायद ही किसी विपक्षी दल ने जनहित से जुड़े किसी मुद्दे पर कभी कोई प्रदर्शन-आंदोलन किया होगा। विपक्ष का दावा है कि मोदी सरकार की नीतियों के चलते आम आदमी के जीवन की मुश्किलें लगातार बढ़ी हैं और महंगाई-बेरोजगारी अपने चरम पर हैं, लेकिन शाब्दिक चिंता जताने से आगे बढ़कर आंदोलन के लिए सड़क पर उनमें से कोई नहीं उतरा। अगले आम चुनाव से पहले इसी साल अभी छह और राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से चार राज्यों-कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होगा, जबकि तेलंगाना में तीसरे मुख्यमंत्रित्वकाल के लिए केसीआर की दावेदारी को ये दोनों मिलकर चुनौती देंगे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा बाबा अलाउद्दीन खां संगीत समारोह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
मैहर मां शारदा की पवित्र धार्मिक नगरी के साथ पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खान संगीत साधना स्थली के रूप में जाना जाता है। 18 के दशक में महाराजा मैहर ब्रजनाथ सिंह जूदेव बाबा को रामपुर से मैहर लेकर आए और राजघराने का कलाकार बनाया। प्राकृतिक आपदा के चलते मैहर में महामारी फैलने के कारण महाराजा बृजनाथ सिंह जूदेव ने बाबा को आदेशित किया इन अनाथ बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए संगीत का ज्ञान दिया जाए। बाबा ने मेहर बैंड की स्थापना की। 1962 में बाबा ने जीवन के जब 100 वर्ष पूर्ण किए तब मध्य प्रदेश कला परिषद ने बाबा को भोपाल में सम्मानित किया। मैहर की जनता लालायित कि क्यों ना हम भी अपने बाबा का सम्मान अपने मैहर में करें। संगीत कलाकार मैहर में ही रहा करते थे, संगीत पूर्व से ही बच रहा था पर वह चारदीवारी के अंदर था। तत्कालीन उद्योग मंत्री एवं विधायक मैहर श्री गोपाल शरण सिंह जी ने मैहर के वरिष्ठ समाजसेवी श्री दीपचंद को बाबा के समारोह को भव्यता पूर्ण संपन्न कराने एवं सम्मान करने की जवाबदारी दी। 1962 शरद पूर्णिमा के दिन बाबा अलाउद्दीन खां संगीत समारोह की स्थापना मैहर में हुई एवं बाबा का सम्मान कर मेहर वासी हर्षित हुए। 1964 में दीपचंद जी के आग्रह पर पृथ्वीराज कपूर जी का आगमन बाबा के सम्मान करने हेतु मैंहर हुआ। 1975 तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी जी ने अलाउद्दीन खान एकेडमी मैहर मे बनाने की बात कही। और1978.79 में एकेडमी भोपाल में बन भी गई। पर मेहर का संगीत समारोह बंद भी हो गया। मैहर विधायक विजय नारायण राय जी के प्रयासों से एक बार पुनः मैहर संगीत समारोह 1980 में प्रारंभ हुआ प्रशासनिक सहयोग से होने वाले उक्त आयोजन का स्तर दिन प्रतिदिन घिरते देख मैहर की जनता ने सांस्कृतिक मंत्री विजयलक्ष्मी साधो जी से कार्यक्रम को भव्य बनाने का आग्रह किया। उन्होंने एक बार पुनः स्थानीय आयोजन समिति गठित की ने कलेक्टर अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक उपाध्यक्ष श्री आशीष खान साहब उपाध्यक्ष श्री दीपचंद जैन सचिव श्री केशव प्रसाद चौरसिया सह सचिव डॉ कैलाश जैन कोषाध्यक्ष एवं श्री सुबोध चोपड़ा पंडित राम लखन जी पांडे एवं कोमल चंद जैन को सहयोगी सदस्य नियुक्त किया। 2003 में स्वर्गीय सिंघई दीपचंद जैन के स्वर्गवास के पश्चात कलेक्टर उमाकांत उमराव साहब के साथ मध्य प्रदेश कला परिषद ने, बाबा अलाउद्दीन खान संगीत समारोह स्थापना के उत्कृष्ट कार्य के लिए दीपचंद जी को सम्मानित किया। एवं उनके स्थान पर डॉ कैलाश जैन को सचिव नियुक्त किया एवं उनके पुत्र जयंत जैन को संगीत समारोह स्थानीय आयोजन समिति का सदस्य नियुक्ति किया। एवं 2003 का संगीत समारोह स्वर्गीय श्री दीपचंद जैन जी को समर्पित करते हुए। मध्य प्रदेश कला परिषद द्वारा श्री जैन को बाबा अलाउद्दीन खां संगीत समारोह की स्थापना के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कर, स्मारिका में उनकी स्मृतियों का आलेख किया। विगत 2 वर्ष पूर्व तक अलाउद्दीन खां संगीत समारोह भव्यता से स्थानीय आयोजन पर इस वर्ष नगर पालिका के पीछे खाली मैदान को समारोह स्थल बनाया गया है जो अनुचित है। मध्य प्रदेश सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन से विनम्र आग्रह है। इस विषय को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही करें। जिन बाबा अलाउद्दीन खान साहब के एकेडमी के नाम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा बाबा अलाउद्दीन खां संगीत समारोह। के अंदर था। तत्कालीन उद्योग मंत्री एवं विधायक मैहर श्री गोपाल शरण सिंह जी ने मैहर के वरिष्ठ समाजसेवी श्री दीपचंद को बाबा के समारोह को भव्यता पूर्ण संपन्न कराने एवं सम्मान करने की जवाबदारी दी। 1962 शरद पूर्णिमा के दिन बाबा अलाउद्दीन खां संगीत समारोह की स्थापना मैहर में हुई एवं बाबा का सम्मान कर मैहर वासी श्री केशव प्रसाद चौरसिया सह सचिव डॉ कैलाश जैन कोषाध्यक्ष एवं श्री सुबोध चोपड़ा पंडित राम लखन जी पांडे एवं कोमल चंद जैन को सहयोगी सदस्य नियुक्त किया। 2003 में स्वर्गीय सिंघई दीपचंद जैन के स्वर्गवास के पश्चात कलेक्टर उमाकांत उमराव साहब के साथ मध्य प्रदेश कला परिषद ने, बाबा अलाउद्दीन खान संगीत समारोह चयन करना शायद गले नहीं उतरता। आपको बता दें कई वर्षों से लगातार समारोह के पूर्व बाबा के निवास का रंग रोगन साफ सफाई का जिम्मा प्रशासनिक अधिकारियों का होता था। मैहर का आयोजन 17 18 19 मार्च 2023 निश्चित है पर आज दिनांक तक मैहर वासी इस जानकारी से अछूते हैं। ना कार्ड का पता न कहीं होल्डिंग्स दिख रहे।



समिति के सहयोग से संपन्न होता रहा। भोपाल से टेंट का आना साउंड सिस्टम का भोपाल से आना फोटोग्राफर का भोपाल से आना स्थानीय आयोजन समिति के सहयोग के बिना कलाकारों का चयन करना शायद गले नहीं उतरता। आपको बता दें कई वर्षों से लगातार समारोह के पूर्व बाबा के निवास का रंग रोगन साफ सफाई का जिम्मा प्रशासनिक अधिकारियों का होता था। मैहर का आयोजन 17 18 19 मार्च 2023 निश्चित है पर आज दिनांक तक मैहर वासी इस जानकारी से अछूते हैं। ना कार्ड का पता न कहीं होल्डिंग्स दिख रहे। बाबा के बंगले साफ सफाई का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। कार्यक्रम स्थल मुख्य ग्राउंड जो बाबा की मजार से लगा हुआ है, वहां होता था। तीनों दिवस के कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा को मजार में चादर चढ़ाने के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत होती थी। मैहर मां शारदा की पवित्र धार्मिक नगरी के साथ पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खान संगीत साधना स्थली के रूप में जाना जाता है। 18 के दशक में महाराजा मैहर ब्रजनाथ सिंह जूदेव बाबा को रामपुर से मैहर लेकर आए और राजघराने का म्यूजिशियन बनाया। प्राकृतिक आपदा के चलते मैहर में महामारी फैलने के कारण महाराजा बृजनाथ सिंह जूदेव ने बाबा को आदेशित किया इन अनाथ बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए संगीत का ज्ञान दिया जाए। बाबा ने मेहर बैंड की स्थापना की। 1962 में बाबा ने जीवन के जब 100 वर्ष पूर्ण किए तब मध्य प्रदेश कला परिषद ने बाबा को भोपाल में सम्मानित किया। मैहर की जनता लालायित कि क्यों ना हम भी अपने बाबा का सम्मान अपने मैहर में करें। संगीत कलाकार मैहर में ही रहा करते थे, संगीत पूर्व से ही बच रहा था पर वह चारदीवारी हर्षित हुए। 1964 में दीपचंद जी के आग्रह पर पृथ्वीराज कपूर जी का आगमन बाबा के सम्मान करने हेतु मैंहर हुआ। 1975 तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी जी ने अलाउद्दीन खान एकेडमी मैहर मे बनाने की बात कही। और1978.79 में एकेडमी भोपाल में बन भी गई। पर मेहर का संगीत समारोह बंद भी हो गया। मैहर विधायक विजय नारायण राय जी के प्रयासों से एक बार पुनः मैहर संगीत समारोह 1980 में प्रारंभ हुआ प्रशासनिक सहयोग से होने वाले उक्त आयोजन का स्तर दिन प्रतिदिन घिरते देख मैहर की जनता ने सांस्कृतिक मंत्री विजयलक्ष्मी साधो जी से कार्यक्रम को भव्य बनाने का आग्रह किया। उन्होंने एक बार पुनः स्थानीय आयोजन समिति गठित की ने कलेक्टर अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक उपाध्यक्ष श्री आशीष खान साहब उपाध्यक्ष श्री दीपचंद जैन सचिव स्थापना के उत्कृष्ट कार्य के लिए दीपचंद जी को सम्मानित किया। एवं उनके स्थान पर डॉ कैलाश जैन को सचिव नियुक्त किया एवं उनके पुत्र जयंत जैन को संगीत समारोह स्थानीय आयोजन समिति का सदस्य नियुक्ति किया। एवं 2003 का संगीत समारोह स्वर्गीय श्री दीपचंद जैन जी को समर्पित करते हुए। मध्य प्रदेश कला परिषद द्वारा श्री जैन को बाबा अलाउद्दीन खां संगीत समारोह की स्थापना के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित कर, स्मारिका में उनकी स्मृतियों का आलेख किया। विगत 2 वर्ष पूर्व तक अलाउद्दीन खां संगीत समारोह भव्यता से स्थानीय आयोजन समिति के सहयोग से संपन्न होता रहा। भोपाल से टेंट का आना साउंड सिस्टम का भोपाल से आना फोटोग्राफर का भोपाल से आना स्थानीय आयोजन समिति के सहयोग के बिना कलाकारों का बाबा के बंगले साफ सफाई का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। कार्यक्रम स्थल मुख्य ग्राउंड जो बाबा की मजार से लगा हुआ है, वहां होता था। तीनों दिवस के कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा को मजार में चादर चढ़ाने के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत होती थी। पर इस वर्ष नगर पालिका के पीछे खाली मैदान को समारोह स्थल बनाया गया है जो अनुचित है। मध्य प्रदेश सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन से विनम्र आग्रह है। इस विषय को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही करें। जिन बाबा अलाउद्दीन खान साहब के एकेडमी के नाम पर करोड़ों रुपया की फंडिंग होती है। वहीं के यह हाल प्रशासन से विनम्र आग्रह है कि भ्रष्टाचारियों को संज्ञान में लेते हुए कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करें। यही बाबा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विनम्र आग्रह है कि भ्रष्टाचारियों को संज्ञान में लेते हुए कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करें। यही बाबा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# श्रीमती दर्शना वी जरदोश केंद्रीय कपडा और रेल राज्य मंत्री एवं सुरेश कुमार खन्ना वित्त और संसदीय मामलो के मंत्री ने उद्घाटन किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
15 मार्च2023 - इंडिया एक्सपो सेंटर एंड माटच, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे में15 से19 मार्च2023





तक आयोजित होने वाले आईएचजीएफ फेयर- स्प्रिंग 2023 के 55वेंसंस्करण का उद्घाटन किया। माननीय केंद्रीय कपडा और रे ल राज्य, श्रीमती दर्शना वी जरदोश द्वारा सुरेश कुमार खन्ना,वित्त और संसदीय मामलों के मंत्री, यूपी सरकार और श्रीमती शुभ्रा, व्यापार सलाहकार और डीसी हस्तशिल्प और हथकरघा की उपस्थिति में किया गया । इस अवसर पर राकेश कुमार मल्होत्रा, अध्यक्ष-ईपीसीएच उपाध्यक्ष, ईपीसीएच- दिलीप जी और नीरज खन्ना; राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच और अध्यक्ष, आईईएमएल; अवधेश अग्रवाल, अध्यक्ष, स्वागत आईएचसीएफ फेयर- स्प्रिग 2023 और उपाध्यक्ष - रवीद्र नाथ और श्री दीपक गुप्ता; प्रशासन सिसरो की ईपीसीएच और आर के , कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती दर्शना वी जरदोश केंद्रीय कपडा और रेलवे राज्य मंत्री, ने आईएच सीएफ मेले को शिल्प उद्योग को बढावा देने का एक उत्कृ ष्ट माध्यम कहा और ज्ञान साझा करने और व्यावसायिक अवसरों का पता लगानेका अवसर प्रदान करने का माध्यम भी बताया। उन्होने बडी संख्या में आयोजकों को एक रूप से छोटेऔर मध्यम निर्यातकों को एक मंच पर करने करने में इसकी भूमिका की सराहना की। अपनी कडी मेहनत, रचनात्मकता और उद्यम के साथ भारत के हर क्षेत्रों से हस्तशिल्प के लिए सक्षम हैं। उन्होंने आगे कहा कि मै पीएम सम्मान योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों को अपना उत्पादन बढाने के लिए वत्तीय सहायता प्रदान करना है, पारंपरिक कारीगरों और शिल्कारों के लिए मील का पत्थर साबित होगी और उनके जीवका के स्तर में सुधार करेगी। उन्होंने कहा इस मेले के माध्यम से व्यापार और सहयोग को बढावा मिलने के लिए जी20 अध्यक्षता का लाभ उठाने का यह एक उत्कृ ष्ट समय है। बडी से बडी संख्या में सहयोग को बढावा देनेऔर आर्थिक डवकास को बढावा कर सकते हैं। मेला जी20 के विषय 'वसुधैव कु टुम्बकम' को भी पूरा करता है, जिसका अर्थ हैठदुनिया एक परिवार हैठ, वैश्विक स्तर पर सहयोग और समावेश के महत्व पर है। उन्होने कारीगरोंको मंच प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया और भारत सरकार इस तरह की एक पहल कॉमन ऑनलाइन पोर्टल पर काम कर रही है। श्री सुरेश कुमार खन्ना, वित्त और संसदीय कार्यमंत्री, यूपी सरकार इस मंत्र को कहा है, भारतीय हस्तशिल्प समुदाय के लिए एक बडा, अच्छी तरह से फैसला हुआ और महत्वपूर्ण अंतरराष्टरीय जुडाव, रूप से उन निर्यातकों के लिए इस क्षेत्र को जमीनी स्तर पर पोषित करने में महत्वपूर्णच योगदान हैं। उन्होने ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश के प्रमुख केंद्र में मेले को आयोजित किया । मेले में उत्तर प्रदेश को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार के दृष्टिकोण और रूप सेओडीओपी (वन डडस्प्ररक्ट वन प्रोडक्ट) पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य यूपी में पाए जाने वाले उत्पादो और शिर्ल्प को प्रोत्साहित करना है। अगले वषों में उत्तर प्रदेश को 1 टर डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की बात कही, इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था के 5 डटर डलयन होनेमें

उत्तर प्रदेश के योगदान की बात कहीघ् ईपीसीएच के अध्यक्ष राकेश कुमार मल्होत्रा ने माननीय मंत्री को उनके प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद दिया, भारत में हस्तशिर्ल्प उद्योग के विकास और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनेंने कहा, ठयह आयोजन के सबसे बडे और सबसे प्रतिष्ठित व्यापार मेलों में से एक के रूप मेंखडा है। आगे उनेंने पीएमसम्मान योजना (पीएम विकास) करने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। अवधेरश अग्रवाल, अध्यक्ष, स्वागत आईएचसीएफ दिल्ली मेले ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए माननीय मंत्रिओं, खरीददारों, कारीगरों और प्रेस और मीडिया को उनके मूल्यवान सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# लोग पानी के लिए रहे परेशान

जिले में विद्युत कर्मियों की हड़ताल से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही करीब आधे शहर में 24 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। बिजली नहीं आने से शहरवासियों के पानी के गंभीर संकट का सामना करना पड़ा। सुबह पानी नहीं आने को दोपहर करीब ढाई बजे ही आई। इसके अलावा विंध्याचल सहित अन्य जगह विद्युत आपूर्ति शनिवार की रात में ही बहाल हो गई। उधर, नगर के वासलीगंज में रविवार को सुबह बिजली नहीं आने से पानी के लिए हाहाकार मचा रहा। लोग कहीं जेनरेटर लगाकर पानी ले रहे बिजली आई तो लेकिन ट्रिपिंग जारी रहा। लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ी। विद्युत वितरण मंडल मिर्जापुर के अधीक्षण अभियंता राम बुझारत ने बताया कि हड़ताल खत्म हो गई है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। उधर, बिजली नहीं आने से परेशान ग्रामीण क्षेत्र के






से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। शनिवार को दोपहर बाद दो बजे कटी बिजली रविवार को दिन में करीब ढाई बजे आई। जिलाधिकारी ने शनिवार को रात करीब 10 बजे पथरहिया उपकेंद्र पहुंचकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई, लेकिन महुवरिया, वासलीगंज, भटवा की पोखरी व अन्य कई मोहल्लों में शनिवार को दोपहर में बिजली कटी तो रविवार थे तो कोई साइकिल पर बाल्टी भरकर पानी ले जा रहा था। लोगों के इनवर्टर भी जवाब दे गए। चार्ज नहीं होने से मोबाइल फोन के स्विच आफ हो गया। लोगों को नित्य क्रिया के लिए भी परेशान होना पड़ा। नगर के लक्ष्मण प्रसाद की गली, मतई का चौक, घंटाघर सहित कई जगह पानी के लिए मारामारी की स्थिति रही। इसी प्रकार सिविल लाइन व अन्य जगहों पर शनिवार की रात उपभोक्ताओं ने रविवार को लहंगपुर उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया। लालगंज विकास खंड के लहंगपुर व लालगंज, दुबार कला विद्युत उपकेंद्र से जुड़े फीडर से तीन दिन से बिजली आपूर्ति बाधित रही। मोबाइल फोन डिस्चार्ज होने पर उसे चार्ज करने के लिए इधर-उधर दौड़ लगाते रहे। रविवार को सुबह भी बिजली नहीं आई, तब ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे दिया। इसके बाद ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन की भनक लगते ही मौके पर पहुंच लहंगपुर चौकी की पुलिस ने समझा-बुझाकर प्रदर्शनकारियों को वहां से हटा दिया। प्रदर्शन करने वालों में प्रभाकर द्विवेदी, वीरेंद्र जायसवाल, जय नारायण तिवारी, मसल्लू, जकाउल्लाह , लाला दुबे, मंटू दुबे, मोहम्मद मुर्तजा, शमीम अख्तर, मुन्ना लाल बिंद आदि शामिल रहे। उधर, पटेहरा विकास खंड क्षेत्र के दीपनगर पावर हाउस से संचालित पांच फीडरों से आपूर्ति बंद होने से संबंधित क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा रहा। पटेहरा कला, मलुआ, पडरिया कला, ककरद, बनकी, पियूरी कई गांवों की बिजली आपूर्ति शनिवार शाम से ही बंद होने के कारण रविवार को पानी के लिए हाहाकार मच गया। ग्रामीणों ने विद्युत निगम के अवर अभियंता से वार्ता किया तो उन्होंने यह कह दिया कि वे हड़ताल पर हैं और उन्हें नहीं पता कि बिजली कब आएगी। ग्रामीणों ने मड़िहान एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह को फोन कर विद्युत निगम की मनमानी की शिकायत की। एसडीएम ने ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति शुरू कराने का आश्वासन दिया और पावर हाउस पर फोन कर उन्होंने आपूर्ति शुरू कराई। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली । मड़िहान क्षेत्र में भी हड़ताल के चलते आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई। पेयजल के लिए ग्रामीण परेशान रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका और दक्षिण कोरिया को 'कड़ी चेतावनी'

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने कहा कि गुरुवार को अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण अमेरिका और दक्षिण कोरिया को उनके उकसाने वाले और आक्रामक बड़े पैमाने के युद्ध अभ्यास के लिए एक 'कड़ी चेतावनी' था। केसीएनए के मुताबिक, ''उत्तर कोरिया ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरियाई के द्वारा डीपीआरके के खिलाफ किए गए उत्तेजक और आक्रामक बड़े पैमाने के युद्ध अभ्यास के कारण कोरियाई प्रायद्वीप में सबसे अस्थिर सुरक्षा वातावरण बना हुआ है। इसी को देखते हुए को 16 मार्च को लॉन्च किया गया।'' बता दें, यह बयान उत्तर कोरिया द्वारा गुरुवार को पूर्वी सागर की ओर लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद आया है। बयान में कहा गया है कि रणनीतिक हथियार की लॉन्चिंग ड्रिल दुश्मनों को कड़ी चेतावनी देने के लिए किया गया है, जो कोरियाई प्रायद्वीप में जानबूझकर तनाव को बढ़ रहे हैं। डीपीआरके सरकार इस के खिलाफ किसी भी समय जवाबी हमला जरूर करेगा। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन भी घ्र्‌ंश्‌ की लॉन्चिंग के मौके पर मौजूद रहे। `इख्‌ केंद्रीय समिति के प्रमुख अधिकारियों और मिसाइल जनरल ब्यूरो के कमांडिंग अधिकारियों ने उनकी उपस्थिति में लॉन्चिंग ड्रिल देखी। ड्रिल का उद्देश्य डीपीआरके के परमाणु युद्ध निवारक के मोबाइल और सामान्य संचालन और विश्वसनीयता की पुष्टि करना था। बयान के अनुसार, को प्योंगयांग अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लॉन्च किया गया, जिसने 6045 किमी की अधिकतम ऊंचाई तक यात्रा की और कोरिया के पूर्वी सागर के खुले पानी में पूर्व निर्धारित क्षेत्र पर सटीक रूप से उतरने से पहले 4151 के लिए 1000.2 किमी की दूरी तय की।'' उत्तर कोरिया ने आगे आश्वासन दिया कि ड्रिल के लॉन्च होने से पड़ोसी देशों की सुरक्षा पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। ड्रिल ने घ्र्‌ंश्‌ इकाई की युद्ध तत्परता और के रणनीतिक बलों के असाधारण उग्रवाद की पुष्टि की और उनकी विश्वसनीयता को सख्ती से सत्यापित किया। बयान में किम जोंग उन ने काफी संतोष व्यक्त किया और कहा कि ड्रिल ने एक बार फिर तेजी से विकास के दौर से गुजर रहे परमाणु सामरिक बलों के ऑपरेटिंग सिस्टम की प्रतिबद्धता और गारंटी को स्पष्ट रूप से साबित कर दिया है।

# अपनी लाईसेसी पिस्टल से हवा मे लहराते हुये फायरिंग करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार



(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** थाना फेस 3 पुलिस द्वारा एक अभियुक्त यशू सिंह पुत्र धर्मराज सिंह नि0 ग्राम मचकोली थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर हाल पता फ्लैट न0 39ए कंचनजंगा अपार्टमेंट सैक्टर 53 थाना सेक्टर 49 जनपद गौमतबुद्धनगर उम्र करीब 35 वर्ष को ग्राम बसई के ठेके के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके द्वारा अपनी लाईसेंसी पिस्टल से लहराते हुये हवाई फायरिंग की गयी थी। अभियुक्त के कब्जे से एक लाईसेसी पिस्टल मय मैगजीन मय 02 खोखा कारतूस मय एक जिंदा कारतूस बरामद किये गये है। अभि0 के लाईसेसी पिस्टल को जब्त करते हुये लाईसेंस निरस्त करने के सम्बन्ध मे रिपोर्ट भेजी जा रही है।

# चक्रवात फ्रेडी ने ले ली 300 से ज्यादा लोगों की जान, दर्जनों लोग लापता

**मलावी।** उष्णकटिबंधीय चक्रवात फ्रेडी ने दक्षिण (ण्ब्त्दहा इ्रा्‌) पूर्वी अफ्रीका के मलावी में जबरदस्त तबाही मचाई है। इस चक्रवात ने 300 से अधिक लोगों की जान ले ली। मलावी के आपदा प्रबंधन मामलों के विभाग ने कहा कि चक्रवात ने 326 लोगों की जान ले ली। अधिकारियों ने आगे कहा कि सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक, चिलोब्वे के 30 से अधिक लोग मारे गए हैं और खोज और बचाव के प्रयास जारी रहने के कारण दर्जनों लापता हैं। मलबे में लोगों को खोजने के लिए लोगों को सोमवार को नंगे हाथों से फावड़े का इस्तेमाल करते देखा जा सकता है। चार बच्चों की मां डोरोथी वाचेपा ने सीएनएन से बात करते हुए कहा कि वह 'एक हवाई जहाज की आवाज जैसी' चक्रवात की आवाज से जाग गई। सब कुछ खत्म हो गया है। मैं सब्जी बेचने का एक छोटे पैमाने का व्यवसाय कर रही थी क्योंकि मेरे पति की 2014 में मृत्यु हो गई थी। मैं अपने छोटे बच्चों के साथ जिंदगी जी रही हूं।इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चक्रवाती तूफान फ्रेडी से मलावी, मोजाम्बिक और मेडागास्कर में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत कठिन समय में प्रभावित देशों के लोगों के साथ खड़ा है। मंगलवार को मलावी के प्राकृतिक संसाधन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा कि चक्रवात कमजोर हो रहा है, लेकिन दक्षिणी मलावी जिलों के अधिकांश हिस्सों में हवा की स्थिति से जुड़ी मूसलाधार बारिश जारी रहेगी। मौसम की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारी बाढ़ और हानिकारक हवाओं का खतरा बहुत अधिक है। सीएनएन ने राज्य प्रसारक रेडियो मोजाम्बिक का हवाला देते हुए बताया कि मोजाम्बिक में जाम्बेजिया प्रांत में कम से कम 10 लोग मारे गए और 13 घायल हो गए।

# ऋषि चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बच्चों एवं अविभावकों को शिक्षा के लिए जागरूक किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**सेक्टर 5, जेजे कॉलोनी झुग्गी झोपड़ी बस्तियों के लोगो को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। अपने बच्चे बच्चियों को स्कूल भेजिए।शिक्षा ही विकास की नींव है।पढ़िए और पढ़ाइए बहुत खास है। इन बच्चों को स्कूल भेजना बहुत जरूरी है जो कूड़ा बीनने और भीख मांगने वाले बच्चे हैं ।इनके हाथों में कॉपी किताब होनी चाहिए 45 से 50 बच्चों का भविष्य को सवारने की सहयोगी बनी ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक, श्रीमती भारती नेगी। इनका प्रयास समाज के लिए सराहनीय है। उनकी सहयोगी रीना वैद्य, सोनिया सिंह, विनीता चौधरी,प्रीति सिंह भी मौजूद रहीं।

# बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए वैक्सीन जरूर लगवाएं

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों को कई खतरनाक बीमारियों के टीके लगाए जाते हैं लेकिन टीकाकरण की सुविधा भारत जैसे देश में हर शिशु और बच्चे तक पहुंचाना बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है। कोविड महामारी ने हमें सिखाया है कि इसी वजह गरीबी उतनी नहीं है जितनी की जागरूकता और शिक्षा क्योंकि कई शिक्षित और आर्थिक रूप से सक्षम लोग भी टीके के प्रति असंवेदनशील और लापरवाह देखे गए हैं। यह बातें नेशनल वैक्सीनेशन डे पर फेलिक्स हॉस्पिटल की डायरेक्टर एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि गुप्ता ने कही। उन्होंने बताया कि इंसान के सेहतमंद रहने के कई पहलू हैं। एक तो वह ऐसा जीवन जिए जिससे उसे कोई रोग ही न हो यह सीधा लाइफस्टाइल से संबंधित है। दूसरा पहलू है रोग और उसका इलाज। किसी भी रोग से निपटने के भी दो तरीके होते हैं। एक तो उसका उपचार है जिसमें दवा देकर रोग ठीककिया जा सके। वहीं दूसरे तरीके में शरीर को इतना ताकतवर बनाया जाया कि वह खुद ही अपनी प्रतिरोधक क्षमता के बल पर रोग से लड़ सके। इसमें एक कारगर उपाय वैक्सीन है। इसी उद्देश्य से भारत में 16 मार्च को नेशनल वैक्सीनेशन डे मनाया जाता है पहली बार नेशनल वैक?सीनेशन डे को 16 मार्च 1995 में मनाया गया था। उस दिन पहली बार ओरल पोलियो वैक्सीन यानी कि मुंह के माध्यम से पोलियो वैक्सीन दी गई थी और इसी के साथ भारत सरकार ने पोलियो को जड़ से खत्म करने का अभियान 'पल्स पोलियो' शुरू किया था। यह वह दौर था जब भारत में पोलियो के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे थे। उस समय पल?स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को समय-समय पर पोलियो वैक्सीन की बूंद दी जाती थी। पोलियो के खिलाफ व?यापक रूप से चलाए गए इस



अभियान का ये असर हुआ कि 2014 में भारत को पोलियो मुक्त देश घोषित कर दिया गया। चेचक और पोलियो जैसी बीमारियों के बाद एक बार फिर से कोविड के दौर में वैक?सीनेशन लोगों के लिए वरदान साबित हुआ है। हर साल टीकाकरण दिवस मनाने का उद्देश?य लोगों को वैक?सीनेशन की अहमियत को समझाना है। वैक?सीन न सिर्फ बच?चों को बल्कि बड़ों को भी तमाम गंभीर बीमारियों से बचाने में मददगार है। डब्ल्यूएचओ की मानें तो हर साल टीकाकरण की मदद से करीब 2-3 मिलियन लोगों की जान बचाई जाती है। बुखार होने पर परेशान न हो टीके लगने के बाद शिशु को बुखार आए तो परेशान न हो क्योंकि अगर ऐसा होता तो इसका मतलब ये है कि टीका सही तरह से काम कर रहा है। लोगों में वैक्सीन को लेकर कुछ भ्रांतियां रहती है। वैक्सीन के बाद अक्सर बच्चों में बुखार की शिकायत आती है। बुखार के बाद पेरेंट्स चिंतित होते हैं। खासतौर पर वर्किंग क्लास सोचता है कि अब उसे दो से तीन की छुट्टी लेनी पड़ेगी। इस वजह से वे वैक्सीन से किनारा करने लगते हैं। टीकाकरण के बाद यदि बुखार आता है तो इसका मतलब है कि टीका काम करने लगा है। बुखार आना तो सामान्य बात होती है। इसके लिए बच्चों को बुखार की दवा दी जाती है। दो दिन के भीतर बुखार ठीक भी हो जाता है। वैक्सीन का उद्देश्य बच्चों की संक्रामक रोगों से ग्रस्त होने की संभावना को कम करना है। बच्चों का टीकाकरण जन्म से शुरू कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि नवजात शिशुओं की प्रतिरोध क्षमता कम होती है और वे संक्रामक रोगों की चपेट में आ सकते हैं। जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, कुछ टीकों की बूस्टर खुराक दी जानी चाहिए, ताकि रोग प्रतिरक्षण को बनाए रखा जा सके। बीसीजी, डीपीटी इंजेक्शन, ओरल पोलियो वेक्सीनेशन, पीसीवी, एमआर की वैक्सीन जरूर लगवाएं। बच्चों में टीकाकरण के फायदे वैक्सीनेशन बच्चों को पोलियो, टिटनस, डिप्थीरिया, और अन्य कई घातक रोगों से बचाव करता है। वैक्सीन से इन रोगों से बचाव मुमकिन है क्योंकि ये आसानी से फैलती हैं। टीका के उद्देश्य बच्चों एवं को निमोनिया, काली खांसी, खसरा, जापानी इंसेफ्लाइटिस, पोलियो व टीबी समेत 11 जानलेवा बीमारियों से बचाना है। इसको लेकर लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता है।

# दो नाबालिग छात्राओं ने की 12 साल की लड़की की हत्या

**बर्लिन।** जर्मनी से बेहद ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां दो नाबालिग स्कूली छात्राओं ने मिलकर अपनी ही 12 साल सहपाठी की बेरहमी से हत्या करने का गुनाह कबूल कर लिया है। वह लड़की को जंगल में बहला-फुसलाकर ले गए थे। जिसके बाद उन्होंने चाकू घौंप कर उसे मौत के घाट उतार दिया। दरअसल यह पूरी घटना थी। कोब्लेंज़ पुलिस के होमोसाइड के प्रमुख फ्लोरियन लॉकर ने कहा कि 12 और 13 साल की दो लड़कियों ने 12 साल की नाबालिग छात्रा की हत्या की बात कबूली है। उन्होंने बताया कि लुइस शनिवार दोपहर से लापता थी। फ्लोरियन लॉकर ने कहा कि की दोनों सहपाठी उसे जंगल में बहला-फुसला कर ले गए थे। जिसके बाद उन्होंने चाकू







उत्तरी राइन-वेस्टफेलिया के पश्चिमी राज्य में फ्रायडेनबर्ग शहर में घटित हुई है। वहां लुइस नाम की लड़की अपने दोस्त से मिलने के लिए गई थी लेकिन वह वहां से लापता हो गई थी। लुइस जब घर नहीं लौटी तो उसके माता-पिता को चिंता हुई। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। दर्जनों पुलिसकर्मियों ने एक हेलीकॉप्टर, ड्रोन और खोजी कुत्ते के मदद से पीड़िता के घर के इलाके के आसपास व्यापक तलाशी ली। इसके बाद उन्हें लुइस का शव एक जंगल में मृत मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर शव की पहचान की। उन्होंने बताया की लुइस पर बेरहमी से 30 बार चाकू से वार किया गया है। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई से 30 बार वार कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी है। उन्होंने कहा कि दोनों लड़कियों ने मामले के बारे में बयान दिया और अंत में अपराध स्वीकार कर लिया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की वह एक-दूसरे से पहले से ही परिचित थे। कोब्लेंज़ पुलिस के होमोसाइड के प्रमुख फ्लोरियन लॉकर ने दोनों आरोपियों की उम्र के कारण इस घटन के बारे में अधिक विवरण देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि आरोपी दोनों छात्राएं जर्मनी में आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराए जाने के लिए बहुत कम उम्र के हैं क्योंकि वहां आपराधिक दायित्व की उम्र 14 साल से शुरू होती है। हालांकि अभी पुलिस को हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद नहीं हुआ है।

# पूर्व अग्निवीरों को दिया जाएगा 10 प्रतिशत आरक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) में पूर्व अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का एलान किया है। इससे एक सप्ताह पहले बीएसएफ में भी पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की गई थी। मंत्रालय ने ऊपरी आयु सीमा में छूट की अधिसूचना भी जारी की है। यह छूट इस बात पर निर्भर करेगी कि अभ्यर्थी अग्निवीरों के पहले बैच का हिस्सा हैं या बाद के बैचों का। पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने के लिए गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 के तहत नियमों में संशोधन किया है। पहले बैच के पूर्व अग्निवीरों को आयु सीमा में पांच साल और बाद के बैचों के अग्निवीरों को तीन साल की छूट दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता जांच में भी छूट दी जाएगी।

# एमपी व यूपी पुलिस ने कुख्यात आनंद सागर को मार गिराया सतना में की थी लूट व हत्या सतना में शराब कंपनी के मुनीम की हत्या

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।** शराब कंपनी के मुनीम की हत्या और 22 लाख रुपये लूटने के आरोपित कुख्यात आनंद सागर को मार गिराया है। मप्र की सतना पुलिस और उप्र की जौनपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गुरुवार सुबह वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बक्शा के अलीगंज के पास मुठभेड़ में सतना में मुनीम की हत्या व लूट में शामिल शूटर आनंद सागर यादव को मार गिराया। आनंद जौनपुर के केराकत क्षेत्र के उसरापुर पचवारा का रहने वाला था। इस मुठभेड़ में दो आरोपितो को गिरफ्तार करने की भी जानकारी है। लेकिन इसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की है। जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डा. अजयपाल शर्मा ने बताया कि 10 दिन पूर्व मध्य प्रदेश के सतना जिले में सुभाष यादव गिरोह ने एक शराब कंपनी के मुनीम की हत्या कर 22 लाख की लूट की थी। मध्य प्रदेश पुलिस ने उस पर इनाम घोषित किया था। तभी से दोनों प्रांतों की पुलिस गिरोह की तलाश में सरगर्मी से जुटी थी। इस गिरोह ने जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़, सतना आदि जिलों में कई आपराधिक घटनाएं की हैं। मुठभेड़ में मारे गए आनंद सागर यादव का आपराधिक रिकार्ड जुटाया जा रहा है। ऐसे हुई मुठभेड़ उल्लेखनीय है कि विगत कई दिनों से सतना पुलिस जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में जौनपुर में डेरा डाली हुई थी। जिसके बाद जौनपुर पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई के बाद टीम को यह सफलता मिली है। जौनपुर में तड़के सुबह हुई मुठभेड़ में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। जानकारी अनुसार थाना बक्सा के अलीगंज इलाके में हाइवे के किनारे रेलवे लाइन के पास बदमाशो की सतना पुलिस को लोकेशन मिली जिसके बाद सतना पुलिस और जौनपुर पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर कर इलाके की घेराबंदी की गई। घेराबंदी तोड़ कर फायर करते हुए बदमाश आनंद सुभाष यादव ने भागने के प्रयास किया लेकिन जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल हो गया जिसे ईलाज के लिए ले जाया गया जहां अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं गिरोह का दुर्दांत अपराधी जेडी यादव के गिरफ्तार होने की खबर है। पिस्टल और कार बरामद

मुठभेड़ में मारे गए बदमाश के कब्जे से 2 पिस्टल और स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि बदमाश आनंद के खिलाफ जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़ में हत्या, लूट व रंगदारी के कई मुकदमे दर्ज हैं।

# आईएचजीएफ दिल्ली फेयर - चरण 2 फर्नीचर पूर्वावलोकन 19 से 21 अक्टूबर इंडिया एक्सपो सेंटर ग्रेटर नोएडा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** राज कुमार मल्होत्रा, अध्यक्ष - ईपीसीएच ने 55वें आईएचजीएफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग 2023 के पहले दो दिनों पर टिप्पणी करते हुए कहा, ठपहले दो दिनों के दौरान अच्छी संख्या में खरीदारों ने मेले का दौरा किया और सोर्सिंग के लिए उपलब्ध विविधता की सराहना की। उन्होंने प्रदर्शनी हॉल में प्रस्तुतियों को पसंद किया है और मेले को 'अधिक जीवंत' कहते हैं। कई ने मेले में अपने नियमित और नए आपूर्तिकर्ताओं के साथ ऑर्डर देने में रुचि दिखाई है और कुछ अच्छी मात्रा देख रहे हैं। फ्रांस से मैरी गुइलाउम, जो यहां लकड़ी की वस्तुओं और वस्त्रों के लिए हैं, ऐसे निर्माताओं की तलाश कर रही हैं जो बड़े पैमाने पर उत्पादन कर सकें। चूंकि फ्रांस में भारतीय फर्नीचर की काफी सराहना की जाती है, इसलिए वह मेले में उनमें विकल्प देख रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया से जेसिका और मिशेल हाउस वेयर खरीदने यहां आई हैं। वे टिप्पणी करते हैं, ठऑस्ट्रेलियाई, भारतीय उत्पादों से प्यार करते हैं क्योंकि वे विशेष रूप से कारीगरी और भावनात्मक भागफल के मामले में घर का अनुभव देते हैं।ठ किचन और डाइनिंग डेकोर की तलाश में एवलिन अर्जेंटीना से आईएचजीएफ दिल्ली फेयर में सप्लायर्स तक पहुंच गई हैं। ठमैं यहाँ पहली बार आई हूँ और मैं यहाँ के उत्पादों की गुणवत्ता, मात्रा और विविधता से हैरान हूँ। यहां सभी उत्पाद उत्कृष्ट हैं,ठ उन्होंने कहा। आईएचजीएफ दिल्ली मेला - चरण 2 फर्नीचर कर्टेन रेज़र - दिल्ली एनसीआर को आईएचजीएफ दिल्ली मेले और दशकों से इसके विस्तार के कारण घर, जीवन शैली, फैशन, कपड़ा और फर्नीचर के लिए एक प्रमुख सोर्सिंग केंद्र के रूप में विश्व मानचित्र पर चिह्नित किया गया है। हस्तशिल्प के लिए निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) को इसका श्रेय दिया जाता है और बढ़ते खरीदारों मैं इसकी लोकप्रियता ने उन्हें प्रेरित किया है, ईपीसीएच के महानिदेशक राकेश कुमार ने बताया।कुमार ने आगे बताया कि आईएचजीएफ दिल्ली मेला जो पिछले





30 वर्षों से 54 से अधिक सफल संस्करणों के साथ आयोजित किया जा रहा है और मेले की लोकप्रियता हर संस्करण के साथ भारतीय प्रदर्शकों और विदेशी खरीदारों के बीच बढ़ रही है। फ़र्नीचर एक ऐसा सेगमेंट है जिसमें दायरा बढ़ रहा है क्योंकि विदेशों में अधिक से अधिक बाज़ार भारत से होम और लाइफ़स्टाइल उत्पादों की सोर्सिंग का विस्तार करना चाह रहे हैं। आईएचजीएफ दिल्ली फेयर फेज 2 फ़र्नीचर की घोषणा करते हुए, उन्होंने उदाहरण दिया कि कैसे लगभग हमेशा परिवर्तन का शुरू में विरोध किया जाता है, लेकिन जो लोग विरोध करते हैं, वे अक्सर परिवर्तन लाने वाले प्रगतिशील परिवर्तन के सबसे बड़े लाभार्थी होते हैं। उन्होंने अपने दृष्टिकोण को साझा किया कि कैसे भारत में फर्नीचर व्यापार के लिए निश्चित और स्पष्ट क्षमता है और कैसे यह एक समर्पित बड़ा व्यापार मंच विकास को गति देगा। उन्होंने कहा, फर्नीचर एक बड़ी श्रेणी है और इसका इरादा बड़े फर्नीचर खरीदारों को आकर्षित करना है, जो एक शानदार प्रदर्शन देख सकते हैं और इस क्षेत्र की ताकत और क्षमताओं को समझ सकते है उन्होंने यह भी साझा किया कि फर्नीचर सरकार के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है, जिसमें फर्नीचर क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना पर विचार किया जा रहा है। उपस्थित फ़र्नीचर निर्यातकों की प्रशंसा के बाद, उन्होंने घोषणा की कि नए शो के लिए, परिषद विदेशी खरीदारों के साथ-साथ प्रदर्शनियों के लिए नवीन प्रोत्साहन योजना तैयार करेगी जो उनके व्यवसाय बढ़ाएगी 2022 में फर्नीचर का वैश्विक बाजार मूल्य 580 बिलियन अमेरिकी डॉलर अनुमानित है, और 2027 तक लगभग 660 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुमानित मूल्य तक पहुंचने के लिए हर साल बढ़ने की उम्मीद है, वैश्विक फर्नीचर व्यापार में भारत की हिस्सेदारी अपने शुरुआती चरण में है (1ड्र से कम) और घरेलू फर्नीचर बाजार का महत्वपूर्ण हिस्सा है । यह समय विशेष रूप से फर्नीचर खंड के लिए मेला शुरू करने का उपयुक्त है।राजकुमार मल्होत्रा, अध्यक्ष - ईपीसीएच ने कहा कि खरीदारों के इस वर्ग को पूरा करने और प्रदर्शकों को बड़े प्रदर्शन स्थान प्रदान करने में सक्षम होने के लिए, ईपीसीएच इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाले आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-फेज 2 फर्नीचर लॉन्च कर रहा है। यह आयोजन 19 से लेकर 21 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होगा। फर्नीचर, वुडक्राफ्ट और अन्य संबद्ध उत्पादों के 500 से अधिक अग्रणी निर्माता भाग लेंगे। दिल्ली-एनसीआर वास्तव में सहारनपुर, भोपाल, मुरादाबाद, दिल्ली, जयपुर, जोधपुर, मुंबई, अहमदाबाद, बरेली, चेन्नई, मैसूर, असम, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर, आदि जैसे सभी प्रमुख मैन्यूफैक्चरिंग केंद्रों सहित पूरे भारत से फर्नीचर और सामान के लिए केंद्रीय सोर्सिंग गेटवे है।ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर.के. वर्मा ने बताया कि शो का मुख्य आकर्षण नए माध्यम, नई उद्यमशीलता की पहल और दूर-दराज के क्षेत्रों के निर्माताओं के समावेश के साथ नए डिजाइन होंगे। इस पहल का इरादा प्रमुख निर्माण केंद्रों और समूहों के अलावा पूरे भारत से फर्नीचर को एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने का है । प्रदर्शन श्रेणियों में समकालीन फर्नीचर, होम फर्नीचर, आउटडोर फर्नीचर, बच्चों के फर्नीचर, मॉड्यूलर फर्नीचर, कार्यालय फर्नीचर, सजावटी फर्नीचर, होटल और रेस्तरां फर्नीचर, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक फर्नीचर, बेंत और बांस के फर्नीचर, फर्नीचर सहायक उपकरण और शामिल होंगे।इस मौके जोधपुर और जयपुर के कुछ प्रमुख निर्यातक भी उपस्थित थे और उन्होंने फर्नीचर को एक अलग मेले के रूप में आयोजित करने की ईपीसीएच की पहल की सराहना की, जिससे लकड़ी के फर्नीचर सहित पूरे फर्नीचर के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।आईएचजीएफ दिल्ली फेयर के 'नॉलेज रूम' के हिस्से के रूप में आज दो महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किए गए; साइबर सुरक्षा में चुनौतियां और उभरती प्रवृत्तियों और हस्तशिल्प के लिए पैकेजिंग में नवाचार। साथ ही जगमगाते रैम्प शो में दैनिक दृश्यों का प्रदर्शन किया गया और विजुअल मर्चेंडाइजिंग को जीवंत किया। आज भारत के प्रमुख निर्यातकों द्वारा फैशन ज्वैलरी, बीचवियर, रिसॉर्ट वियर, झालरदार चमड़े के बैग, टाई एंड डाई बैग, स्कार्फ, सुई शिल्प और जूते के संग्रह प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर ईपीसीएच के महानिदेशक राकेश कुमार ने सूचित किया कि ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 33253.00 करोड़ (4459.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा और अप्रैल-फरवरी '2022-23 के दौरान रु 28727.91 करोड़ और 3505.84 मिलियन अमरीकी डॉलर रहा ।

# सतना जघन्य एवं सनसनीखेज हत्या के मामले में आरोपी डाक्टर को आजीवन कारावास एवं 1000-1000 रूपये का अर्थदंड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।**न्यायालय सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश सतना यतीन्द्र कुमार गुरू द्वारा आरोपी अशुतोष त्रिपाठी तनय नरेन्द्र त्रिपाठी उम्र 32 वर्ष हाल





निवासी धवारी कोतवाली सतना मूल निवासी शिवराजपुर थाना सिंहपुर सतना को धारा 302 भा0द0सं0 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 1000 रूपये एवं धारा 201 भा0द0सं0 के अंतर्गत 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया, मामले में राज्य की ओर से वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बृजेन्द्र नाथ शर्मा द्वारा अभियोजन का संचालन किया गया। प्रकरण की विवचेना निरीक्षक अर्चना द्विवेदी एवं एसआई अजय कुमार शुक्ला द्वारा की गई है। अभियोजन प्रवक्ता हरिकृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि, गुमशुदा भानू केवट के संबंध में थाना सिटी कोतवाली सतना में गुम इंसान क्रमांक 08/21 कायम हुआ था । गुम इंसान की जांच के दौरान उपनिरीक्षक अजय शुक्ला ने गुमशुदा भानू केवट की माता रूकमीना केवट एव पिता रामनरेश केवट आदि के कथन लिये और गुमशुदा के द्वारा उपयोग किये जा रहे मोबाइल नम्बर 7049085691 एवं संदेही आशुतोष त्रिपाठी के मोबाइल नम्बर 9516314800 की कॉल डिटेल रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक कार्यालय साइबर सेल से प्राप्त किया। साइबर सेल से प्राप्त कॉल डिटेल रिपोर्ट एवं गुम इंसान के दौरान लेख किये गये कथनों के आधार पर संदेही आशुतोष त्रिपाठी से दिनांक 20/02/21 को रैन बसेरा धवारी के पास अभिरक्षा में लेकर साक्षीगणों के समक्ष पूछताछ की गई। मेमोरेण्डम कथन में संदेही द्वारा प्रकट की गई जानकारी के आधार पर गुमशुदा/मृतिका भानू केवट का शव बरामद किया गया एवं अपराध से संबंधित अन्य वस्तुए बरामद की गई। देहाती मर्ग इंटीमेशन रिपोर्ट एवं देहाती अपराध की मौके पर कायमी की गई और उसके पश्चात थाना कोतवाली में नम्बर पर मर्ग क्रमांक 15/21 एवं अपराध क्रमांक 149/21 पर अपराध अंतर्गत धारा 302, 201 भादसं आशुतोष त्रिपाठी के विरूद्ध कायम किया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा शव पोस्टमार्टम कराया गया तथा साक्षीगण के कथन लेख किये गये। विवेचना के दौरान जप्त वस्तुओं को परीक्षण एवं डीएनए रिपोर्ट हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला सागर भेजा गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत हुआ। मृतिका का शव गुमशुदगी के लगभग 58 दिन बाद डिकम्पोज अवस्था में बरामद हुआ था । डीएनए रिपोर्ट से मृतिका की पहचान स्थापित हुई । अभियोजन द्वारा मामले में कुल 21 गवाह एवं 17 आर्टिकल प्रस्तुत किये और अपने पक्ष में कुल 52 दस्तावेज प्रदर्शित कराये गये एवं लिखित अंतिम तर्क प्रस्तुतत किया गया । उपरोक्त साक्षियों के न्यायालयीन कथन, प्रदर्शित दस्तावेज एवं आर्टिकल एवं अभियोजन द्वारा प्रस्तुत लिखित अंतिम तर्क से अभियोजन का मामला अभियुक्त के विरूद्ध युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया गया है । जिसके आधर पर माननीय न्यायालय द्वारा उपरोक्त दंडादेश पारित किया गया ।

# पंजाबी एक्टर अमन धालीवाल पर अमेरिका के जिम में हुआ हमला, वीडियो में खून से लथपथ नजर आए एक्टर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जोधा अकबर और बिग ब्रदर जैसी फिल्मों में नजर आ चुके पंजाब के मशहूर एक्टर






अमन धालीवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।इस वीडियो में अमेरिका के कैलिफोर्निया के एक जिम में वर्कआउट कर रहे अमन धालीवाल पर एक अनजान शख्स ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में अमन खुद को बचाते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, खुद को हमलावर से बचाते हुए उन्हें काफी चोटें आईं। सोशल मीडिया अकाउंट ट्विटर पर इस वीडियो को एक यूजर ने शेयर किया है। यूएस में हुई ये घटना करीब सुबह साढ़े नौ बजे की है। इस वायरल वीडियो में एक आदमी ने एक्टर का हाथ पकड़ रखा है और उसके हाथ में एक कुल्हाड़ी है। एक्टर पर जिम में हमला करने वाला शख्स, ये कहते हुए नजर आ रहा है कि मुझे पानी चाहिए इस दौरान ये हमलावर एक्टर को धमकाता हुआ भी नजर आ रहा है। वीडियो में आप ये साफ तौर पर देख सकते हैं कि हाथ पकड़े हुए व्यक्ति का ध्यान जैसे ही इधर-उधर भटका, एक्टर ने उसे तुरंत ही धर दबोचा। इस वीडियो में कैलिफोर्निया जिम में मौजूद कुछ साथी भी एक्टर की मदद करते हुए नजर आए और उन्होंने हमलावर को जकड़कर रखा। रिपोर्ट्स की मानें तो फिलहाल वह शख्स पुलिस हिरासत में हैं। जिम में हुई इस घटना में पंजाबी एक्टर को काफी चोटें आई। वीडियो में आप खुद देख सकते हैं कि एक्टर का माथा खून से लथपथ है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस घटना के बाद एक्टर को तुरंत ही अस्पताल में भर्ती करवाया गया सोशल मीडिया पर इस वायरल वीडियो के अलावा एक्टर की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं , जिसमें उनके सिर के अलावा उनके कंधे, गले और हाथ पर भी काफी चोटें लगी हुई हैं। आपको बता दें कि पंजाब के मशहूर अभिनेता अमन धालीवाल ने अपने करियर की शुरुआत साल 2003 में बतौर मॉडल की थी। इसके बाद उन्होंने साल 2007 में सनी देओल की फिल्म 'बिग ब्रदर' में एक अहम किरदार निभाया इस फिल्म के अलावा वह साल 2008 में आशुतोष गोवारिकर की फिल्म 'जोधा अकबर' में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने राजकुमार रतन सिंह का किरदार निभाया था। वह हिंदी फिल्मों और पंजाबी फिल्मों के अलावा टीवी शोज में भी नजर आ चुके हैं।

# पलक तिवारी ने सलमान खान संग काम करने को लेकर शेयर किया अपना अनुभव, बताया सेट पर ऐसा था उनका बर्ताव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी इंडस्ट्री की हिट स्टारकिड में से एक हैं। पलक जल्द ही बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को लेकर पलक लगातार सुर्खियों



में बनी हुई हैं। पलक ही नहीं उनके फैंस में भी इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटमेंट बनी हुई है। हर कोई बड़ी बेसब्री से मूवी रिलीज होने का इंतजार कर रहा है। वहीं, हाल ही में पलक ने एक इंटरव्यू में सलमान खान और फिल्म को लेकर रिएक्ट किया है। ई-टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक पलक ने 'किसी का भाई किसी की जान' और सलमान खान संग काम करने को लेकर रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता था कि एक ही सेट पर सलमान खान के साथ काम करना मेरे लिए काफी मुश्किल होगा। उनके सामने मैं हमेशा ही नर्वस रहूंगी। शायद मेरे लिए काम करना मुश्किल हो, लेकिन वह सेट पर एक पिता की तरह सभी का पूरा ध्यान रखते थे कि सभी का पूरा ख्याल रखा जाए। साथ ही हमारी डाइट भी जारी रहे।' पलक का ये इंटरव्यू सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में बना हुआ है। बता दें कि पलक और उनकी मां श्वेता, सलमान खान की फैमिली के काफी क्लोज हैं। बता दें कि सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर लीड रोल में हैं। ये फिल्म 2023 ईद पर रिलीज होने वाली है।

# उर्फी जावेद को भी छोड़ा पीछे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री निया शर्मा एक्टिंग से ज्यादा अपनी बोल्ड पर्सनेलिटी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। निया इन दिनों भले ही प्रोफेशनल लाइफ



में उतनी एक्टिव न हों, लेकिन सोशल मीडिया पर वह काफी सुर्खियों में हैं। निया लगभग हर दिन ही अपनी बोल्ड तस्वीरों और वीडियो को लेकर फैंस के बीच चर्चा में बनी हुई हैं। वहीं, उनकी हर तस्वीर इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जाती है। इसी बीच निया अपनी लेटेस्ट तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। निया शर्मा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जो बेहद बोल्ड हैं। इन तस्वीरों को देखने के बाद फैंस उनकी तुलना उर्फी जावेद से कर रहे हैं। निया की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि उन्होंने व्हाइट कलर का बिकिनी टॉप पहना हुआ है। इसके साथ एक्ट्रेस ने ब्लू डेनिम जींस टीमअप किया है, जिसके बटन उन्होंने ओपन कर रखा है। इस लुक में वो गॉर्जियस लग रही हैं। इस ड्रेस के साथ निया ने अपने बालों में बीच की मांग निकालकर बन बनाया हुआ है। साथ ही गले में एक लॉन्ग गोल्ड चेन पहनी हुई है। निया शर्मा का ये बोल्ड अवतार जहां कई को बेहद पसंद आ रहा है। वहीं, कुछ लोग इसे ना पसंद कर रहे हैं। इस पर कमेंट कर यूजर्स उन्हें उर्फी से कम्पेयर करते दिख रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'ये आ गई उर्फी की बहन।' दूसरा यूजर लिखता है, 'इनको बोलो उर्फी को कॉपी करने की जरूरत नहीं है।' एक यूजर ने सवाल किया, 'बटन टूट गया है क्या?' एक ने कहा, 'उर्फी जावेद कम थी कि तुम भी शुरू हो गई... शर्म करो।' इस तरह के कई और कमेंट निया की इन तस्वीरों पर आ रहे हैं।

# सना खान के घर जल्द गूंजेगी किलकारी इंटरव्यू में किया प्रेग्नेंसी का खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड इंडस्ट्री को हमेशा-हमेशा के लिए छोड़ एक्ट्रेस सना खान ने अल्लाह की राह को चुना है। साल 2020 में उन्होंने सोशल मीडिया पर एलान किया



था। इसके बाद उन्होंने मुफ्ती अनस सैयद से निकाह किया। शादी के तीन साल बाद इस कपल ने फैंस को गुड न्यूज दी है। एक इंटरव्यू में इस कपल ने खुलासा किया है कि वह जल्द पेरेंट्स बनने वाले हैं। दरअसल, सना खान मां बनने वाली हैं। इस कपल ने इकरा टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में इस गुड न्यूज को कंफर्म किया है। सना ने कहा कि वो बहुत एक्साइटेड हैं। वो चाहती हैं कि उनका बच्चा जल्द ही उनके हाथों में हो। इससे पहले सना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी शेयर किया था। इस पोस्ट में एक्ट्रेस पति अनस सैयद के साथ नजर आई थी और कैप्शन में लिखा था- 'अल्हम्दुलिल्लाह बहुत खुश, ये उमरा किसी कारण से हमारे लिए बहुत खास है। इंशाअल्लाह जल्द ही हम इसे सभी के साथ शेयर करेंगे। अल्लाह इसे और आसान बनाए। इस पोस्ट के बाद ही लोगों ने कयास लगाना शुरू कर दिया था।सना और अनस ने 20 नवंबर साल 2020 को गुपचुप तरीके से शादी की थी। सोशल मीडिया पर निकाह की तस्वीरें शेयर कर एक्ट्रेस ने सबको हैरान कर दिया था। सना के पति अनस एक मौलाना है और गुजरात के सूरत के रहने वाले है।

# विद्युत जामवाल और नंदिता महतानी ने अलग होने का लिया निर्णय, ताजमहल के सामने की थी सगाई की घोषणा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता विद्युत जामवाल और फैशन डिजाइनर नंदिता महतानी के बीच का रिश्ता खत्म हो गया है। दोनों ने सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया था। दोनों शादी करने वाले थे। दोनों 2 वर्षों तक एक-दूसरे को डेट करते रहे। अब एक न्यूज एजेंसी से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'विद्युत जामवाल और नंदिता महतानी को वियना पांडे की बेटी की हल्दी सेरिमनी में साथ देखा गया। हालांकि, दोनों एक-दूसरे से दूर नजर आए। नंदिता महतानी और विद्युत जामवाल के अलग होने का कारण उनका सोशल सर्किट में कम घुलना-मिलना है। इसी के चलते दोनों के बीच दूरियां बढ़ रही थी।' 2021 में दोनों ने ताजमहल के सामने फोटो खींचकर अपनी सगाई की घोषणा की थी। दोनों की फोटोज पर फैंस ने दिल खोलकर कमेंट्स किया था और उन्हें बधाई दी थी। सूत्रों का यह भी कहना है कि दोनों एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखते हैं। दोनों काफी अच्छे दोस्त हैं और एक-दूसरे की सहायता करते हैं। विद्युत जामवाल फिल्म अभिनेता है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है। वह एक्शन ओरिएंटेड फिल्में करने में एक्सपर्ट माने जाते हैं। उन्होंने कई कलाकारों के साथ भी काम किया है। उन्होंने कई फिल्मों में एक्शन सीन खुद ही डिजाइन किए है। वह मार्शल आर्ट्स में भी एक्सपर्ट है। विद्युत् जामवाल के फैंस ब्रेकअप की खबर से दुखी है। नंदिता महतानी का नाम इसके पहले डिनो मोर्या के साथ भी जुड़ चुका है। हालांकि, बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। नंदिता महतानी फैशन डिजाइनर है। वह कई सेलिब्रिटीज के लिए कपड़े भी डिजाइन करती हैं। इसे लेकर उनके फैंस भी काफी उत्साहित रहते हैं। वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती है। वह काफी स्टाइलिश डिजाइनर मानी जाती है।





# एमएम कीरावानी की सबसे बड़ी जीत, सम्मान पाते ही छलक आए नाटू-नाटू' कंपोजर के आंसू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राजामौली की फिल्म आरआरआर ने ऑस्कर 2023 में अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। फिल्म ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर कई बड़े अवॉर्ड्स अपने नाम किए, लेकिन



गाने के कंपोजर एमएम कीरावानी को असली सम्मान अब मिला है, जिसे पाकर म्यूजिशियन के आंसू छलक गए। एमएम कीरावानी के गाने नाटू-नाटू ने ऑस्कर 2023 में बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का टाइटल जीता। इस जीत पर पूरी दुनियाभर से कीरावानी को बधाइयां मिली। इस लिस्ट में अब दिग्गज म्यूजिशियन रिचर्ड कारपेंटर का नाम भी शामिल हो गया है। ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद मंच पर एमएम कीरावानी ने अपनी स्पीच में रिचर्ड कारपेंटर का जिक्र किया था और उन्हें अपनी इंस्पिरेशन बताया। कीरावानी ने कहा, ठमैं कारपेंटर को सुनकर बड़ा हुआ हूं और आज मैं यहां हूं। मेरी, राजामौली और मेरे परिवार की एक ही इच्छा थी कि आरआरआर को जीत मिलनी चाहिए।ठ इसके साथ ही उन्होंने रिचर्ड कारपेंटर का गाना गुनगुनाते हुए कहा, ठभारत का हर गौरव हासिल करके हमें दुनिया के शीर्ष पर पहुंचना है।एमएम कीरावानी जीत के साथ-साथ उनकी स्पीच भी रिचर्ड कारपेंटर तक पहुंच गई। उन्होंने नाटू-नाटू के कंपोजर को विश करने के लिए अपने परिवार के साथ एक गाना गाया और इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कीरावानी को बधाई दी।

# शुबमन गिल को मुंबई में क्लब के बाहर किया गया स्पॉट, ट्रोल्स ने कहा बहुत 'सारा' अटेंशन मिल रहा हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेटर शुबमन गिल को मुंबई में एक क्लब के बाहर स्पॉट किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कलरफुल शर्ट, जींस और व्हाइट शूज पहन रखे थे। वह काफी रिलैक्स लग रहे थे। वह क्लब से बाहर निकलकर गाड़ी में बैठते नजर आए। इस दौरान वह मीडिया के कैमरे में कैद हो



गए गये। उनका यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है। शुबमन गिल का वीडियो इंस्टाग्राम पर पैपराजी विरल भयानी ने शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, ''शुबमन गिल को बीती रात हमारी टीम ने बांद्रा में स्पॉट किया है।'' इसे 14 घंटे में 25 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं, वीडियो पर 170 से ज्यादा कमेंट किए गए हैं। हालांकि, कई लोगों ने मजेदार कमेंट किए हैं। एक फैन ने लिखा है, 'बहुत सारा अटेंशन और बहुत सारा प्यार दिया मीडिया वालों ने।' एक ने लिखा है, 'बहुत सारा प्यार।' एक ने लिखा है, 'बहुत सारा और सारा प्यार दिया मीडिया ने।' एक ने लिखा है, 'सारा किधर है भाई' वहीं, कई लोगों ने उनकी प्रशंसा भी की है।दरअसल शुबमन गिल क्रिकेट से ज्यादा अपने अफेयर को लेकर चर्चा में रहे हैं। उन्हें लेकर पहले यह खबर आई थी कि वह सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर को डेट कर रहे हैं। इसके बाद उन्हें सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान के साथ कई अवसर पर साथ देखा गया। इसके चलते उनका नाम सारा तेंदुलकर और सारा अली खान से जोड़ा गया। हालांकि, उन्होंने कभी भी किसी के साथ भी अपने अफेयर की पुष्टि नहीं की है। सोशल मीडिया पर पैपराजी अकाउंट से वायरल होते वीडियो को देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया था। शुबमन गिल जब भी भारत की ओर से कही मैच खेल रहे होते तो स्टेडियम में सारा-सारा के नाम से उन्हें ट्रोल किया जाता रहा है। इसी के चलते अब शुबमन गिल का कोई भी वीडियो जब भी सोशल मीडिया पर अपलोड होता है, उन्हें सारा तेंदुलकर या सारा अली खान के नाम से ट्रोल किया जाता है।

# रणबीर कपूर संग इस खूबसूरत शहर में मनाया 30वां जन्मदिन, शेयर की सेलिब्रेशन की तस्वीरें




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ने 15 मार्च को अपना 30वां बर्थडे सेलिब्रेट किया है। ये जन्मदिन आलिया के लिए बेहद खास रहा। शादी और मां बनने के बाद एक्ट्रेस ने अपना पहला जन्मदिन मनाया है। वहीं अब खुद एक्ट्रेस ने सेलिब्रेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस दौरान उन्होंने ना सिर्फ फैमिली संग क्वालिटी टाइम बिताया, बल्कि अपनी फेवरेट डिशेज का भी लुत्फ उठाया। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक नहीं बल्कि पूरी 8 तस्वीरें साझा की है। हर एक फोटो में एक्ट्रेस अलग अंदाज में दिखाई दे रही है। पहली फोटो में एक्ट्रेस केक काटने से पहले विश मांगती नजर आ रही हैं। अगली तस्वीर में वह पति रणबीर को गले लगाती दिखाई दे रही है। इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- थर्टी (30)।दोनों के चेहरे पर बड़ी-सी स्माइल भी नजर आ रही हैं। इस दौरान बर्थडे मॉमी आलिया पिंक कलर के आउटफिट में नजर आ रही है तो वहीं, रणबीर ब्लैक स्वेटशर्ट और जींस में दिखाई दे रहे हैं।इस तस्वीर में आलिया भट्ट-रणबीर कपूर के साथ सोनी राजदान और बहन शाहीन सभी एक साथ नजर आ रही हैं। वहीं एक दूसरी फोटो में आलिया भट्ट मां मम्मी सोनी राजदान के साथ मस्ती भरे अंदाज में नजर आ रही हैं। हालांकि इन किसी भी तस्वीर में कही राहा कपूर नजर नहीं आई है। उनके पोस्ट पर सोनम कपूर, शिबानी दांडेकर सहित कई सेलेब्स ने कॉमेंट कर उन्हें विश किया है।बता दें, आलिया लंदन अपनी हॉलीवुड मूवी 'हार्ट ऑफ स्टोन' की शूटिंग के चलते गई हुई है। इस मूवी में वो गैल गैडोट के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा आलिया को 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह के साथ देखा जाएगा। हाल ही में इस फिल्म का रैपअप हुआ है।

# 'केजीएफ 2' की कामयाबी को दोहराएगी कन्नड़ फिल्म कब्जा हिंदी वर्जन के टिकटों पर भारी छूट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में इस शुक्रवार तीन फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिनमें कन्नड़ सिनेमा की बहुचर्चित फिल्म अंडरवर्ल्ड का कब्जा



भी शामिल है। कब्जा पैन इंडिया फिल्म है और हिंदी बेल्ट में भी बड़े स्तर पर थिएटर्स में उतारी जा रही है। फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले निर्माताओं ने बड़ा एलान करते हुए टिकट की कीमत घटा दी है। कब्जा का निर्माण आनंद पंडित ने किया है। निर्माताओं की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, रिलीज के पहले दिन यानी 17 मार्च को कब्जा के टिकट की कीमत सिर्फ 150 रुपये रखी गयी है। यह छूट देशभर के सिनेमाघरों में सिर्फ हिंदी भाषा के वर्जन पर एक दिन के लिए ही दी जा रही है। इसके बाद सोमवार से टिकटों की कीमत और भी कम कर दी जाएगी। पहले हफ्ते में 20 से 23 मार्च तक एक टिकट की कीमत महज 120 रुपये रहेगी। अंडरवर्ल्ड का कब्जा का निर्देशन आर चंद्रू ने किया है। कन्नड़ स्टार उपेंद्र की यह पहली फिल्म है, जो हिंदी में भी रिलीज हो रही है। किच्चा सुदीप, श्रिया सरन और शिव राजकुमार फिल्म में अहम किरदारों में नजर आएंगे। कब्जा कन्नड़ और हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु और मलयालम में भी रिलीज की जा रही है। कब्जा के साथ निर्माता आनंद पंडित दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए उपेंद्र, किच्चा सुदीप और शिव राजकुमार पहली बार पर्दे पर साथ दिखेंगे। कब्जा इस साल की पहली बिग बजट पैन इंडिया फिल्म है, जो दक्षिण भारतीय सिनेमा से आयी है। एक पीरियड फिल्म है, जिसकी कहानी 40 के दौर से शुरू होकर लगभग 4 दशकों का सफर तय करती है। इस फिल्म में उपेंद्र अंडरवर्ल्ड डॉन अर्केश्वर के किरदार में हैं, जो शुरुआत में एयर फोर्स अफसर होता है, मगर हालात के चलते अंडरवर्ल्ड की दुनिया में पहुंच जाता है। किच्चा सुदीप पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं, जिसे ब्रिटिश सरकार अर्केश्वर को खत्म करने के लिए भेजती है।कब्जा काफी हद तक केजीएफ 2 की लाइंस पर है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन ने 430 करोड़ से अधिक नेट कलेक्शन किया था। अब कब्जा बॉक्स ऑफिस पर उस कामयाबी को दोहराती है या नहीं, इसका इंतजार है। केजीएफ 2 की तरह ही कब्जा भी पीरियड फिल्म है। उसमें यश ने ऐसा ही किरदार निभाया था, जिसकी शुरुआत सोने की खान में मजदूर होता है और धीरे-धीरे डॉन बन जाता है। कब्जा की कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित बतायी जाती है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।